
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सुनिए सुनाइए जोक्स......
परीकथाओं का महान चितेरा हैंस क्रिश्चियन एंडरसन

वर्ष : 11 | अंक : 102 | लखनऊ, 31 मार्च, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## पीएम मोदी ने किया छत्तीसगढ़ में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक जनसभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंदिर हसौद के रास्ते अभनपुर-रायपुर खंड पर मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि थोड़ी देर पहले ही 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। इनमें गरीबों के लिए घर, स्कूल, सड़क, रेलवे, बिजली, गैस पाइपलाइन... ये सभी परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के लोगों को सुविधाएं प्रदान करेंगी। इस विकास कार्य के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई।

पीएम ने कहा, 'आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। धान किसानों से दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं।'

कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, 'कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है। इस ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।'

पीएम ने कहा, 'छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा संकल्प है- हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है।'

पीएम ने बताया कि वह आदिवासी समाज के विकास के लिए भी विशेष अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमने आपके लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी जनजातियां होती हैं। पहली बार हमारी सरकार ने ऐसे अति पिछड़े आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना बनाई है।'

## नेहरू ने एक समुदाय के वोटों की खातिर सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा नहीं लिया था: यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एक विशेष समुदाय के वोटों की खातिर आजादी के बाद गुजरात में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के तत्कालीन उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था। यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यक्रम में यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना सम्राट विक्रमादित्य से की और कहा कि दोनों ही जनता के सेवक के रूप में प्रसिद्ध हैं। यादव ने कहा, जब सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया था, तो सार्वजनिक दान से इसे बनवाने वाले तत्कालीन उप प्रधानमंत्री वल्लभभाई पटेल ने नेहरू को आमंत्रित किया, लेकिन नेहरू ने कहा कि ऐसा न करें क्योंकि इससे एक धर्म के अनुयायी नाखुश होंगे।

## सीएम योगी ने दी ईद की बधाई, कहा- भाईचारा और प्रेम का पैगाम देता है ये त्योहार


संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद की हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि ईद का त्योहार भाईचारा, प्रेम और सामाजिक एकता का पैगाम देता है। उन्होंने अपील की है कि इस मौके पर लोग गरीब और जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि उनके जीवन में भी खुशियां आएं और हम एक सशक्त, समृद्ध समाज की ओर कदम बढ़ा सकें।

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी प्रदेशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि ईद का त्योहार हमें त्याग, प्रेम और सेवा की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी को ईद की बधाई देते हुए सबके सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा है कि ईद का त्योहार मेल-मिलाप, खुशियां बांटने और परस्पर सद्भाव का प्रतीक है। ईद के इस पर्व पर हमें सामाजिक सद्भाव की मिसाल कायम करनी चाहिए।

### सीएम योगी ने दी ईद की बधाई



मुख्यमंत्री योगी ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि ईद का त्योहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। खुशियों का यह त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

### मौलाना शहाबुद्दीन ने की अपील

रमजान गुजरने के साथ ही रविवार शाम को चांद का दीदार होने के बाद ईद का एलान हो गया। ईद पर सरकार की ओर से सौगात ए मोदी किट भेजने के साथ ही सड़कों पर नमाज ना पढ़ने का आदेश दिया गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने भी मुस्लिमों से अनुरोध किया है कि ईदगाह के इमाम और मस्जिद के इमाम से अपील है कि ईद की नमाज का खुसूसियत के साथ एहतमाम करें। नमाज में इस बात का ध्यान रखें कि रोड पर नमाज ना हो, ईदगाह और तमाम मस्जिदों में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि अगर कहीं मस्जिद छोटी है और नमाजी ज्यादा आ गए, जो मस्जिद के अंदर समा नहीं पाते हैं।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

## झारखंड के जमशेदपुर में मुठभेड़ में इनामी बदमाश मारा गया



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

जमशेदपुर, झारखंड के जमशेदपुर में मुठभेड़ में 2.5 लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यूपी स्पेशल टास्क फोर्स, कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया, जमशेदपुर में यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भारी गोलीबारी में मुख्तार गिरोह का शूटर अनुज कनौजिया मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मऊ, गाजीपुर और आजमगढ़ जिलों के विभिन्न थानों में कनौजिया के खिलाफ 23 मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि टीम का नेतृत्व कर रहे एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक डीके शाही को गोली लगी है।

## अयोध्या में भव्य रामनवमी समारोह के लिए व्यापक तैयारियां

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

अयोध्या , अयोध्या में रामनवमी के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए श्रृंगारघाट से रामपथ के गेट नंबर तीन तक दरियां बिछाई जाएंगी और नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि धर्मपथ के किनारे छायादार अस्थायी शिविर स्थापित किए जाएंगे



और 243 स्थानों पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अयोध्या नगर निगम ने समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं और शहर भर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मशीनों से लैस एक टीम तैनात की है। बयान में कहा गया है कि अस्थायी शौचालय स्थापित किए गए हैं, और एक प्रवर्तन दल मेला स्थल को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए काम कर रहा है। बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यक्तिगत रूप से तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं और उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

## उप्र में कार पेड़ से टकराई, दो महिलाओं की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में शनिवार को मां पूर्णागिरि धाम जा रहे श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकरा जाने से दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत छह लोग घायल हुए हैं। थानाध्यक्ष न्यूरिया रूपा विष्ट ने पत्रकारों को बताया मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। थाना न्यूरिया पुलिस के अनुसार दुर्घटना क्षेत्र के पोलीगंज के पास घटी। इसने बताया कि फरुर्खाबाद के मऊदरवाजा क्षेत्र से जोगिंदर सिंह अपने परिवार के साथ टनकपुर स्थित मां पूर्णागिरि धाम जा रहे थे कि इसी दौरान पोलीगंज के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पुलिस के अनुसार मृतकों में रत्नेश राठौर (40) और पुष्पा देवी (61) शामिल हैं। घायलों में अंकुर (24), जोगिंदर सिंह (45), मोहिनी (22), अनुराग (18), नव्या (12) और सात माह की अन्नया शामिल हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली से ऋषिकेश घूमने आया युवक गंगा में डूबा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तराखंड के ऋषिकेश में दिल्ली से घूमने आये एक युवक की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गयी। एसडीआरएफ ने यह जानकारी दी। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने बताया कि सच्चाधाम आश्रम के पास नदी में डूबे 20 वर्षीय युवक नरोत्तम का शव रविवार को बरामद हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नरोत्तम अपने चार मित्रों के साथ दिल्ली से ऋषिकेश घूमने आये थे और शनिवार को गंगा के किनारे नहाते समय अचानक वह पानी के तेज बहाव में बह गये।

## उत्तर प्रदेश पुलिस ने आंध्र प्रदेश में परिवार को बेचे गए बच्चे को मुक्त कराया, दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, उत्तर प्रदेश के सीतापुर में पुलिस ने तीन वर्षीय लड़के को मुक्त कराया है, जिसे यहां से कथित तौर पर अगवा करके आंध्र प्रदेश में एक जोड़े को बेच दिया गया था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कार्तिक मौर्य को पिछले साल 27 दिसंबर को गुलजार शाह मेला क्षेत्र से अगवा किया गया था। उन्होंने कहा कि बच्चे को मुक्त कराकर शनिवार को उसके परिवार को सौंप दिया गया।



पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि मौर्य अपनी मां और परिवार के साथ मेला देखने गया था, और शाम करीब पांच बजे सामान खरीदते समय लापता हो गया। मिश्रा ने कहा कि परिवार की शिकायत के आधार पर बिसवां थाने में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार्तिक को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक परिवार को बेच दिया गया था। मिश्रा ने कहा कि 19 मार्च को लड़के को बचाने और उसे सुरक्षित घर लाने के लिए पुलिस टीम भेजी गई। एसपी ने कहा कि पुलिस जांच के दौरान बच्चों को अगवा करके निः संतान दंपत्तियों को बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता का पता चला है। एसपी ने बताया कि मानव तस्करी गिरोह में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो पुरुषों - अभय वर्मा और उमाशंकर - के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## चंडीगढ़ जज नोट कांड में सीबीआई कोर्ट ने किया न्यायमूर्ति निर्मल यादव को बरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चंडीगढ़ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) निर्मल यादव सहित अन्य सभी आरोपियों को 2008 के जज के दरवाजे पर नकदी मामले में बरी कर दिया। यह फैसला 17 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आया है। जस्टिस यादव, सह-आरोपी राजीव गुप्ता और संजीव बंसल को हाई-प्रोफाइल मामले में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया, जो 2008 में एक जज के आवास पर गलती से 15 लाख रुपये से भरा बैग पहुंचाए जाने के इर्द-गिर्द घूमता था। बचाव पक्ष के वकीलों ने देरी के लिए सीबीआई को दोषी ठहराया। राजीव गुप्ता और संजीव बंसल का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता बीएस रियार ने फैसले पर बोलते हुए कहा कि हां, इस फैसले में 17 साल लग गए, लेकिन यह बचाव पक्ष के वकील की गलती नहीं थी। देरी सीबीआई की ओर से हुई, क्योंकि वे उच्च न्यायालय से अनुमति मांगते रहे और अलग-अलग समय पर अलग-अलग गवाह पेश करते रहे। महत्वपूर्ण बात यह है कि आखिरकार न्याय हुआ है। हमें राहत है कि भले ही देरी हुई, लेकिन अंत में सही फैसला हुआ। यह मामला, जिसने एक बड़ा न्यायिक विवाद खड़ा कर दिया था, न्यायमूर्ति निर्मलजीत कौर के आवास पर कथित रूप से बेहिसाब नकदी की डिलीवरी पर आधारित था, जिन्होंने मामले की रिपोर्ट की थी। बाद में जांच में न्यायमूर्ति निर्मल यादव को दोषी पाया गया, जिसके कारण लंबी सुनवाई हुई।

## आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, एयरलाइन चुनौती देगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो ने जुमार्ना लगाने के आदेश को त्रुटिपूर्ण बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देगी। यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को शनिवार को मिला। इंडिगो ने रविवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि आयकर विभाग की आकलन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने का आदेश पारित किया है। एयरलाइन ने कहा कि यह आदेश इस दोषपूर्ण समझ के आधार पर पारित किया गया है कि कंपनी द्वारा आयकर आयुक्त (अपील) (सीआईटी (ए)) के समक्ष धारा 143 (3) के तहत आकलन आदेश के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी गई है, जबकि अभी यह मामला लंबित है और इस पर निर्णय आना बाकी है। इंडिगो ने कहा कि इस आदेश का उसकी वित्तीय स्थिति, परिचालन और अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इंडिगो ने रविवार शाम को अलग से जारी एक बयान में कहा कि उसका दृढ़ विश्वास है कि आयकर प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश कानून के मुताबिक नहीं है और गलत है। एयरलाइन ने बयान में कहा, कंपनी इसका विरोध करेगी और आदेश के खिलाफ उचित कानूनी उपाय करेगी।

## आंध्र प्रदेश में कारोबारी और उसके परिवार के तीन सदस्य घर में मृत मिले

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले में एक कारोबारी और उसके परिवार के तीन सदस्य रविवार को अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि इन लोगों ने आर्थिक तंगी और परिवार की आंतरिक समस्याओं के कारण सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली।

अधिकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान कृष्ण चारी, उसकी पत्नी सरला और दंपति के दो बेटों के रूप में हुई है। चारी की मदकासिरा के गांधी बाजार क्षेत्र में स्वर्ण आभूषणों की दुकान है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, परिवार ने सायनाइड का सेवन कर लिया, जो स्वर्ण आभूषणों के कारोबार से जुड़े होने के कारण उसे उपलब्ध था। अधिकारी के अनुसार, चारी तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और कर्ज में डूबा हुआ था। उन्होंने बताया कि वह अपने भाई-बहनों की सफलता से कथित तौर पर जलता था। अधिकारी के मुताबिक, चारी के पिता ने घर में चारों शव देखकर पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को घर की तलाशी के दौरान सायनाइड की खाली बोतल मिली, जिससे यह संकेत मिलता है कि उनकी मौत सायनाइड के सेवन से हुई। अधिकारी के अनुसार, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मौत के पीछे की वजह जानने के लिए चारी के टूटे हुए मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि इस बात का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है कि क्या परिवार ने वित्तीय संकट के कारण आत्महत्या कर ली या फिर उनकी मौत के पीछे कोई अन्य कारण है।

## उप्र डीजीपी ने नवरात्र और ईद से पहले संवेदनशील स्थानों पर उचित सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने नवरात्र और ईद-उल-फितर शुरू होने से पहले शनिवार को संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक साजो सामान के साथ रूफटॉप ड्यूटी तैनात करने का निर्देश दिया। डीजीपी कुमार ने शनिवार को राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जारी निदेशों की एक श्रृंखला में कहा, संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक उपकरणों के साथ रूफटॉप ड्यूटी तैनात की जानी चाहिए और सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करके उचित पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।



उन्होंने कहा कि बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल गश्त की जानी चाहिए तथा तोड़फोड़-रोधी जांच नियमित रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजारों में अग्निशमन के पर्याप्त प्रबंध किए जाने चाहिए तथा नमाज के दौरान ईदगाहों/मस्जिदों के निकट मार्गों पर जानवरों को घूमने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह भी निर्देश दिये गये कि ईद-उल-फितर एवं रामनवमी के अवसर पर जनपद को सेक्टर एवं जोन में विभाजित कर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं राजपत्रित अधिकारियों के साथ मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि रामनवमी पर रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, समारोह स्थलों, मनोरंजन केन्द्रों आदि पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

## संक्षेप

### एमआर को टक्कर मारने वाली अज्ञात सफारी कार पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।लखनऊ के बाजारखाला थाना क्षेत्र के मोतीझील कालोनी निवासी शालिनी मिश्रा ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उनका बेटा संस्कार मिश्रा( 22वर्ष ) एक दवा कम्पनी में एमआर है 6फरवरी को बेटा सिसेंडी से भागूखेड़ा की तरफ जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार सफारी कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी दुर्घटना में बेटा संस्कार गम्भीर रूप से घायल हो गया था ।जिसका इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष अमर सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात सफारी कार व चालक पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी है।

### लखनऊ में गाड़ी खड़ी करने को लेकर चली लाठियां, वीडियो वायरल; शराब ठेके के पास हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रायबरेली रोड पर हैवतमऊ मवैया के पास रविवार देर रात शराब ठेके पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष से आए कार सवारों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। घटना में कई लोग चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को लेकर थाने आई है। हैवतमऊ मवैया में रविवार देर रात शराब ठेके के पास दो पक्षों में गाड़ी खड़ी करने को लेकर कहासुनी हुई। थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष से आए लोगों ने अपनी गाड़ियों से लाठी-डंडे निकाल लिए और युवकों पर हमला कर दिया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। किसी राहगीर ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने आ गई। घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# विकास, सेवा और सम्मान का संगम: 113वें आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर में सुनीं गई ग्राम पंचायत सराय शहजादी की समस्याएँ

● सहज संवाद से समस्याओं का समाधान– मेधावियों को मिला सम्मान, जन सेवा का कीर्तिमान गढ़ रहा विधायक डॉ. राजेश्वर द्वारा संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निवारण व जनसुविधाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सतत रूप से संचालित ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्ण कर्याक्रम के तहत 113वें जनसुनवाई शिविर का आयोजन रविवार को ग्राम पंचायत सराय शहजादी, मजरा कटी बगिया में किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों द्वारा हैंडपंप, साइकिल, पीएम आवास जैसी कुल 34 समस्याओं/आवश्यकताओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित अभिनव पहल ह्यगांव की शानह्ण के तहत, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में 91% अंक प्राप्त करने वाले अंशुल मौर्य, 85.16% अंक प्राप्त करने वाली नेहा रावत तथा 79.33% अंक प्राप्त करने वाली गार्गी गुप्ता को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 71.4% अंक प्राप्त करने वाली पूजा को भी साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने और बेटियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. सिंह द्वारा 70वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन भी किया गया, बेटियों को खेल के अनेकों संसाधन उपलब्ध कराए गए। जिसके लिए बेटियों समेत सभी ने विधायक राजेश्वर सिंह का आभार प्रकट किया। जनसुनवाई शिविर में गांव के समर्पित समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में आए सभी ग्रामीणों के लिए तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई। इस दौरान साहित्यकार विद्याधर दीक्षित, ग्राम प्रधान अंकुर सिंह, प्रदीप सिंह, रामू रावत, आदित्य श्रीवास्तव, विकास अवस्थी, खिलाड़ी जी, मुन्नी देवी, सावित्री जी, नन्हके जी, धर्मेंद्र सिंह, अनूप रावत, ललित सिंह, जयराम, आलोक गुप्ता, मेवा लाल, जमील, श्रीराम, कल्लू एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस योजना को लेकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ह्यआपका विधायक आपके द्वारह्ण अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़



दर्शन के लिए जाते– भक्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार को मलिहाबाद के अटेर में स्थित मां बाराही देवी में भक्तों की भीड़ उमड़ी। मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इससे पहले लोगों ने घरों में माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना की। चारों ओर देवी मां के जयकारे गुंजायमान हो उठे। आस्था के साथ तमाम श्रद्धालुओं ने नौ दिन के उपवास भी शुरू किए हैं।

सुबह उठते ही लोगों ने घरों में सफाई और नित्यकर्म के बाद उपवास रखकर अखंड ज्योति प्रज्वलित की। विधि-विधान से पूजा कर मंदिरों में मां शैलपुत्री का जलाभिषेक किया। भतोइया में स्थित गावा देवी मंदिर पर विजय सिंह ने नवरात्रि पर रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया। सुबह से ही महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की कतारें लगी नजर आईं।

हाथों में पूजा की थाल सजाकर और जल का पात्र लेकर महिला-पुरुष मंदिर पहुंचे। माता रानी की प्रतिमा पर जलाभिषेक व पूजा कर आरती उतारी। पूजा-अर्चना कर माता से कामनाएं मांगी. घरों में पूजा-अर्चना के साथ नौ दिन की अखंड ज्योति जागृत की गई।

# भाकियू धर्मेन्द्र गुट के जिला उपाध्यक्ष बने अजंनी मिश्रा



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।भारतीय किसान यूनियन धर्मेंट गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने अंजनी मिश्रा को लखनऊ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने बताया अजंनी मिश्रा निवासी परेहटा को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वाह करते हुए किसानों के हितों की आवाज बुलंद करूंगा अंजनी मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष बनाने जाने पर भाकियू के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप यादव,प्रदेश महामंत्री कौशलेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी व महिला जिलाध्यक्ष संगीता रावत,ब्लाक अध्यक्ष अजीत तिवारी समेत अन्य पदाधिकारियो ने फूल माला पहनाकर बंधाई दी।

# निर्माणाधीन हाईवे पर सड़क हादसे में दूध विक्रेता की मौत

**मलिहाबाद के महमूदनगर गांव की घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



सड़क हादसे में पलटा पड़ा डाला - फोटो

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दूध बेचने जा रहे बाइक सवार युवक को निमार्णाधीन हाईवे पर सड़क वन-वे होने के कारण डाले की टक्कर से उसके नीचे दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे में दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त पुलिस ने अपने कब्जे में लिया।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नत्थाखेड़ा निवासी नफीस (38) रविवार शाम करीब साढ़े 9 बजे अपनी बाइक से दूध के कैन लेकर लखनऊ जा रहे थे। तभी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के महमूदनगर गांव में निर्माणाधीन पुलिया के पास सड़क वन-वे होने के कारण यातायात एक तरफ से चल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डाले ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि डाला पलट गया और नफीस उसके नीचे दब गए। हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। डाला चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसे में क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को अपने में कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक के परिवार में मां मकाना, पत्नी हनीफा और तीन बेटे अर्स, शम्म व सद हैं. जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। ईद से एक दिन पहले हुई इस घटना ने परिवार की सारी खुशियां छीन ली। पूरे गांव में मातम पसर गया।

**ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था पर लगाया लापरवाही का आरोप**

ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था पर लापरवाही का आरोप लगाया है। की लखनऊ हरदोई हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं. न तो कोई बैरिकेडिंग है, न ही रात में दिखाई देने वाले संकेतक लगाए गए है। जगह-जगह पर सड़क किनारे खुदे गड्ढे और कट के कारण आए दिन कोई ना कोई हादसे का शिकार हो रहा है। कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते एक और युवक की जान चली गई।

# फिल्म "बबुनी हमार" की शुटिंग पूरी, बहुत जल्द होगी रिलीज




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।शान्ती प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म ₹बबुनी हमार₹ की शूटिंग अक्टूबर, नवम्बर 2024 में सम्पन्न हुई फिल्म की एडिटिंग का 80% काम पूरा हो गया है। सभी दर्शकों के बीच में, बहुत जल्द फिल्म बबुनी हमार आने वाली है। सभी कलाकारों ने इस मूवी में अपना बहुत ही शानदार किरदार निभाया है। निर्मता सन्तोष कुमार व निर्देशिक योगेश यादव ने बताया कि यह एक भोजपुरी फिल्म है, और यह बहुत ही साफ-सुथरी फिल्म है इसे आप अपने परिवार के साथ देख सकते हैं। और बताया कि एक और फिल्म की शुटिंग की तैयारी चल रही है, जल्दी ही शूट शुरू होगा। एवं नये कलाकारों को भी काम करने का मौका दिया जायेगा। फिल्म बबुनी हमार के मुख्य कलाकार राज यादव, मधू सिंह राजपूत, अनिल, कृष्णा, परी सिंह, शिवम कुमार, विक्रांत बागवा, रत्नेश बरनवाल, जे.पी. सिंह, शालनी चंद्रा , शिव कुमार सरगम, रतन शर्मा व अन्य कलाकारों की अहम भूमिका रही।

# सरोजनीनगर के शांतिनगर में जलभराव से मुख्य रास्ता बंद, फैल रही बीमारियां

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र के एयरपोर्ट इलाके के पास बसे शांतिनगर में जलभराव से कॉलोनी वासी परेशान ।नाली नहीं बनने से सड़कों पर भरा हुआ है संक्रमित गंदा पानी। अधिकारियों के कान पर नहीं रेंग रही जूं ।लखनऊ के सरोजनीनगर के शांतिनगर कालोनी में जल निकासी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। सड़क किनारे नाली न होने से घरों का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। कालोनीवासियों को रोजाना इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है ।वहीं पीडित लोगों के द्वारा कई बार लिखित व मौखिक शिकायत करने के बावजूद अभी तक समस्या का हल नहीं हो पाया है। कालोनीवासियों ने स्थानीय पार्षद लवकुश से व संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। गंदे पानी के जमाव से कालोनी में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। निवासियों की मांग है कि नाली का निर्माण कराया जाए। इससे जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

# मांगों को लेकर क्षत्रिय विचार मंच ने महामहिम संबोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर को सौपा

अमन लेखनी समाचार



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपाती – संयोगिता सिंह व अन्य

लखनऊ। क्षत्रिय विचार मंच के लोगों ने रविवार को माल थाने पहुंचकर महामहिम उपराष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर को देते हुए कहा कि महाराणा संग्राम सिंह राणा सांगा के अपमान को लेकर सर्व क्षत्रिय समाज आहत है ।राज्यसभा सांसद राम जी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा के विरुद्ध दिए गए अम ?र्यादित बयान से पूरा क्षत्रिय समाज आहत है। और राज्यसभा सांसद के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करता है। क्षत्रिय विचार मंच के लोगों ने कहा कि आगरा में क्षत्रिय समाज द्वारा शांति पूर्वक विरोध कर रहे लोगों पर राज्यसभा सांसद राम जी सुमन के लोगों द्वारा पत्थर चलाकर हमला करने और ऐसी दशा में सम्पूर्ण क्षत्रिय समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने रामजी लाल सुमन के विरुद्ध कार्यवाही न होने की दशा में क्षत्रिय समाज सम्पूर्ण भारत वर्ष में धरना प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। ऐसे में राज्य सभा सांसाद के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। भारत के वीर सपूत हिंदुस्तान के गौरव महाराणा सांगा के विरुद्ध की गई टिप्पणी से क्षत्रिय विचार मंच के लोग काफी आक्रोशित है जिसको लेकर उन्होंने रामजीलाल सुमन की राज्यसभा के सदस्यता समाप्त कर आजीवन चुनाव न लड़ने पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर संयोगिता सिंह चौहान, जेपी सिंह, अर्जुन सिंह ,रवि प्रताप सिंह, बच्चा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, भास्कर सिंह, सुरेंद्र सिंह चौहान, आशीष सिंह, सर्वेश सिंह डब्बू , महेंद्र प्रताप सिंह, धर्मपाल सिंह, सनी सिंह, वरुण सिंह, उपदेश सिंह, अमरेंद्र बहादुर सिंह, गौरव सिंह सहित क्षत्रिय विचार मंच के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद ने निकाली शोभा यात्रा, जय श्री राम के नारे से गूंजा माल

अमन लेखनी समाचार



शोभा यात्रा में शामिल संयोगिता सिंह व अन्य

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद द्वारा भव्य श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। हिन्दू नव वर्ष पर रविवार को माल कस्बे से मां शीतला देवी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी संयोगिता सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों मोटरसाइकिल पर सवार हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भगवा झंडे के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकताओं को भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यात्रा में कई डीजे की गाड़िया शामिल थी। इस दौरान भक्ति गीतों पर कार्यकर्ता पारंपरिक हथियारों के साथ झूमते दिखे। हर वर्ष की तरह हिन्दू वर्ष पर शोभा यात्रा निकाली जाती है, यात्रा माल कस्बे से होते हुए शीतला देवी मंदिर पर इसका समापन हुआ। राष्ट्रीय सेवक संघ जिला संचालक वीरेंद्र विक्रम सिंह ने हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हिंदुत्व को गौरवान्वित करने वाला दिन है। हमें सनातन धर्म और हिंदुत्व विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जात पात से ऊपर उठकर सभी हिन्दुओं को एकजुट होना है। इसी संदेश के साथ आज हिन्दू नव वर्ष पर शोभा यात्रा निकाली गई है। शोभा यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भास्कर सिंह, कपिल, सहमंत्री सुशील, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश, रोहित सिंह बजरंगदल संयोजक,राम प्रकाश सिंह जिलाध्यक्ष,राजेश जिलामंत्री, मनोज,मुकेश सूर्या,चंद्रशेखर मौर्य, राकेश मौर्य सहित सैकड़ो संगठन के लोग मौजूद रहे।

# गोसाईंगंज: शॉर्ट सर्किट से मजदूर के घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



गोसाईंगंज ।विकासखंड के अंतर्गत कपेरा मदारपुर गांव में रविवार दोपहर लगभग 12 बजे एक हादसा हो गया। मजदूर सुधीर कुमार, पुत्र रामचंद्र, के घर में अचानक आग लग गई, जिसके कारण उनकी गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण केबल में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है ।जानकारी के अनुसार, सुधीर कुमार उस समय अपने घर पर ही मौजूद थे। उनके फूस के छप्पर के नीचे से गुजर रही केबल वायर में अचानक तेज चिंगारी निकली, जिसके बाद छप्पर में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए, आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिश की और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका ।इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिसे एक बड़ी राहत माना जा रहा है। हादसे की सूचना स्थानीय लेखपाल को दे दी गई है, जो मामले की जांच में जुट गए हैं। पीड़ित परिवार को अभी तक प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है। ग्रामीणों का कहना है ,स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे इस नुकसान से उबर सकें।

# सुल्तानपुर हाईवे से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। सुल्तानपुर हाइवे से अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को खुर्दही बाजार में रोड किनारे अवैध रूप से अस्थाई कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करते हुए फुटपाथों को कब्जा मुक्त कराया गया। इस अभियान में एनएचएआई के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर वीरभान सिंह, एनएचएआई आरपीओ आदित्य कुमार चतुर्वेदी, हाइवे सुपरवाइजर राजेश तिवारी, पंकज कुमार, चौकी प्रभारी एचसीएल उप निरीक्षक संदीप शर्मा व उप निरीक्षक सूरज सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना सभी की जिम्मेदारी : केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय व सामाजिक एकता, मानवाधिकारों की रक्षा व सामाजिक न्याय सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन हस्तियों को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया। वर्ष 2023 के लिए लखनऊ के सरदार परविन्दर सिंह, वर्ष 2024 के लिए अंबेडकर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा व वर्ष 2025 के लिए लखनऊ की कीर्ति सिंह को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री ने इन्हें एक-एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कालीदास मार्ग पर राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार अब प्रत्येक वर्ष 30 मार्च को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन आज भी प्रेरणादायक है। हम सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। राष्ट्र व समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए। सबको सजग व सावधान रहते हुए देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का उल्लेख करते हुए कहा योग को हम सबको अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस बार की थीम ह्यएक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योगह्ण रखी गई है।

## संक्षेप

### 25 मई तक नहीं दिखेगा डाइवर्जन, गूगल मैप

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील में एक महत्वपूर्ण निर्माण कार्य चल रहा है गंगा और आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज का निर्माण किया जा रहा है इस कारण आगरा से लखनऊ जाने वाली लेन पर डेढ़ किलोमीटर का डायवजन लगाया गया है।यूपीडा के इंजीनियर नवीन कुमार ने आज रविवार दोपहर ढाई बजे बताया कि डायवर्सन शादीपुर गांव के सामने किलोमीटर संख्या 252 से 253.600 तक है। इंटरचेंज निर्माण के लिए एक्सप्रेसवे की एक लाइन को बंद कर दिया गया है वाहनों का आवागमन दूसरी लाइन से हो रहा है। मेरठ प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे बांगरमऊ क्षेत्र के शादीपुर और गोरिया कला गांव के बीच से गुजर रहा है। यहीं पर दोनों एक्सप्रेस वे एक दूसरे को क्रॉस कर रहे हैं इस स्थान पर इंटरचेंज का निर्माण 25 में तक चलेगा। वर्तमान में एक बड़ी समस्या यह है कि गूगल मैप पर डायवर्सन का कोई संकेत नहीं दिख रहा है मैप बंद लेन को भी खुला दिखा रहा है। इससे चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अचानक बैरियर देखकर ब्रेक लगाने से वाहन लड़खड़ा रहे है। जुपिटर ने डायवर्सन पॉइंट से 1 किलोमीटर पहले से संकेतक और रिफ्लेक्ट स्टीकर लगाए हैं।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बीघापुर, उन्नाव। युवक बाजार से घर आते समय रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत पत्नी ने थाने में तहरीर दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूपपुर जोरावरपुरा पोस्ट ढुंदपुर निवासिनी लक्ष्मी देवी पत्नी सुनील कुमार का पति सुनील कुमार पुत्र नन्हें बारा सगवर बाजार सब्जी लेने गए था रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया जिनके सर में गंभीर चोटे आई ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद जिला अस्पताल जहां डॉक्टरों ने कानपुर हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया सुधार न होने पर घर वालों ने सिटी हॉस्पिटल विकास नगर कानपुर ले गए जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई अंतिम संस्कार व क्रिया कर्म के बाद पत्नी ने थाने में तहरीर दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### बकरे के हमले से वृद्ध महिला हुई घायल

सफीपुर, उन्नाव। घर के अंदर बकरे को खूंटे से खोल रही वृद्ध महिला पर बकरे ने जोरदार हमला बोल दिया जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई परिजन उसे सीएचसी लेकर आए जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के पीखी निवासी 65 वर्षीय वृद्ध महिला अकबरी पत्नी मैकू बकरे को खूंटे से खोल रही थीं तभी बकरे ने महिला पर हमला बोल दिया महिला के शोर मचाने पर परिजन दौड़े और उसे बकरे से बचाया घायल वृद्ध महिला को परिजनो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

## अकेली घर में रह रही महिला की निर्मम हत्या, मौके पर पहुंचे एस पी

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के गाँव किशुनीखेडा मजरे अलीपुर में घर मे अकेली रह रही महिला निर्मम हत्या किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुँचे पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस की पाँच टीमें गठित कर दी है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए ।मृतका के देवर की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

थाना क्षेत्र के किशुनीखेडा निवासिनी सुनीता 45 वर्ष पत्नी अशोक कुमार धानुक घर पर अकेली रह रही थी। उनके पति अशोक कुमार गुजरात राज्य में रहकर परिवार का पालन पोषण करने के लिए किसी निजी कंपनी में रहकर काम करते है। अशोक कुमार के घर के समीप ही उसके अन्य परिवारीजन रहते है। रविवार शुबह जब पड़ोस में ही ननिहाल में रहने वाले भांजे आदर्श कुमार पुत्र उमेश अपने मामा अशोक के दरवाजे गया दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद थी। काफी आवाज देने के बाद भी जब मामी सुनीता की कोई आवाज नही आई तब वह घर के पास स्थित आम के पेड़ से चढ़कर छत पर गया। छत से नीचे जाने वाले जीने का दरवाजा खुला था ।जीने के रास्ते से घर के अंदर गया । अंदर का दृश्य देखकर वह अवाक रह गया। उसकी मामी घर पर मृत पड़ी थी। गले मे तथा शरीर में गहरे घाव थे। शव के पास बहुत सा खून बिखरा पड़ा था। पास में ही कुल्हाड़ी पड़ी थी। यह देखकर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे आस पास व परिवारी जन इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दिए जाने पर थाना बारासगवर प्रभारी धर्मेंद नाथ मिश्रा दल बल के साथ पहुँचे। कुछ ही देर बाद पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी शशि कांत शुक्ला, थाना बीघापुर प्रभारी राजपाल सहित सर्किल के तीनों थाना क्षेत्रो की पुलिस मौके पर पहुँच गयी ।फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल पर हर पहलू का गहनता से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की पाँच टीमें लगा दी गयी है । जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

दिवंगत के पति अशोक होली में आकर एक सफ्ताह पूर्व ही वापस कमाने के लिए गुजरात चले गए थे। दिवंगत का मायका थाना क्षेत्र के बक्सर में ही है । सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुँच गए। दिवंगत की लड़की काजल 21 वर्ष कानपुर में रहकर डीएलएड का कोर्स कर रही जबकि लड़का साजन 18 वर्ष लखनऊ में रह रहा है।

**किशुनी खेड़ा में हुई 45 वर्षीय महिला सुनीता की हत्या के मामले में पुलिस घर आने जाने वाले व्यक्तियों पर निगरानी कर रही है पुलिस का मानना है कि कोई न कोई व्यक्ति घर आता जाता रहा है क्योंकि घटना के बाद घर का कोई ताला नही खोला गया और न ही तोड़े गए घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे भाग निकले। पुलिस पारिवारिक विवाद जमीन संबंधी विवाद तथा आशनाई को लेकर मामले की जांच करने में जुटी हुई है ।**

## श्रद्धा का उमड़ा जन सैलाब, कपाट खुलते ही मंदिरों में गूंजे जय माता दी के जयकारे

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवरात्र की शुरूआत के साथ ही जनपद में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को माता के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। सुबह होते ही श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंच गए। भक्तों के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने व्रत का संकल्प लिया और बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी जोरों पर रही। खासतौर पर महिलाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री की विधिवत पूजा की गई। मंदिर के पुजारियों के अनुसार, शैलपुत्री का यह रूप सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अपर्णा, गौरी, महेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी और पर्वतवासिनी समेत कई नामों से प्रसिद्ध है। कथा के अनुसार, अपने पिता दक्ष के यज्ञ में अपमानित होने के बाद माता सती ने योग अग्नि में खुद को भस्म कर लिया था। उनके अगले जन्म में वे शैलराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में प्रकट हुईं ।शुक्लागंज



के राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही लग गईं। सीमा, मोनिका, कंचन समेत कई श्रद्धालुओं ने बताया कि वे हर नवरात्र व्रत रखती हैं। शुक्रवार और शनिवार को ही व्रत की सामग्री खरीद ली थी। आज सुबह जल्दी उठकर घर में कलश स्थापना कर माता की आराधना की और फिर मंदिर पहुंचे। वहां पहले से ही भीड़ लगी हुई थी। मत्था टेकने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा ।नवरात्र के शुरू होते ही बाजार में पूजन सामग्री और व्रत की वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे हैं। पांच रुपये वाली चुनरी अब 10 रुपये की हो गई, नारियल 20 की जगह 25 और कलश 15 की जगह 20 रुपये में बिक रहा है। इस बार महंगाई की मार भक्तों को भी झेलनी पड़ रही है। नारियल, फल-फूल, माता की चुनरी, कूटू आटा और सिंघाड़ा आटा समेत अन्य सामग्री के दाम सवा से डेढ़ गुना तक बढ़ गए हैं ।चुनरीः 50 रुपये से बढ़कर 150 रुपये ड्ड मखानाः 120 रुपये प्रति 100 ग्राम कूटू आटाः 120 रुपये किलो ड्ड सिंघाड़ा आटाः 150 रुपये किलो साबूदानाः 80 रुपये किलो गुलाब की मालाः 50 रुपये गेंदे की मालाः 30 रुपयेगौरी शंकर मंदिर, आदिबद्री का माता मंत्रा देवी मंदिर, श्री हनुमान दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। हर तरफ भजन-कीर्तन की गूंज है, जिससे भक्तिमय माहौल बना हुआ है ।भले ही महंगाई की मार श्रद्धालुओं की जेब पर भारी पड़ रही हो, लेकिन आस्था में कोई कमी नहीं है। भक्तों का कहना है कि माता की कृपा से सभी संकट दूर होंगे। नवरात्र के अगले आठ दिनों तक पूरे जिले में श्रद्धा और भक्ति का यही माहौल बना रहेगा। नवरात्र से पहले 125 रुपये किलो मिलने वाले फल अब सवा गुना महंगे हो चुके हैं। केला 40 से 70 रुपये, सेब 120, अंगूर 100 और संतरा 60 रुपये किलो मिल रहा है।

## किसान का खेत में पड़ा मिला शव, हृदय गति रुकने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र में किसान का सुबह के समय खेत में अचेत होकर गिर गया ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पत्नी उसे इलाज के लिए पीएचसी लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दामाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है ।बारासगवर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तलिहई निवासी सुरेश कुमार (50) पुत्र गुजरात के अहमदाबाद में काम करता था। बीते नवंबर माह में उसके पिता रामकुमार का देहांत हुआ था। पिता की तेरहवीं सहित अन्य कार्य के लिए वह करीब दो माह से गांव में रुका था। 19 मार्च को पिता की तेरहवीं हुई थी ।रविवार सुबह वह खेत में खड़ी फसल को देखने गया था तभी वहां अचेत होकर गिर गया। सूचना पर पत्नी गीता व बेटी अनामिका उसे सुमेरपुर पीएचसी लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। इसपर परिजनों में कोहराम मच गया। विवाहित बेटी महिमा, अनामिका, बेटा अर्पित पिता की मौत से बेहाल हो गए। संदिग्ध मौत को देखते हुए बीघापुर कोतवालीक्षेत्र के अफसरी गांव निवासी दामाद आशीष ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इसपर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है। दामाद ने बताया कि सुरेश का अपने छोटे भाई गोवर्धन से पैतृक संपति को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह भी दोनों भाइयों में कहासुनी हुई थी। इसी बाद खेत पहुंचने पर सुरेश की हालत बिगड़ गई। एसओ धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि परिजनों के प्रार्थना पत्र पर पोस्टमार्टम कराया गया है। किसी प्रकार आरोप नहीं है।

## हिन्दू नववर्ष का ढोल नगाड़ों से स्वागत कर भाजपा नेता ने लोगों को चन्दन टीका कर दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नर सेवा नारायण सेवा ₹ के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी की अगुवाई में संस्था के पदाधिकारियों ने गत वर्षों की भांति चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2082 के शुभ अवसर पर नगर में आमजन, व्यापारी वर्ग आदि को चंदन का टीका कर ,रामनाम का अंग वस्त्र पहनाकर हिन्दू नव वर्ष की बधाई दी ।इसी क्रम में वो गाँधी नगर तिराहे से लेकर बड़े चौराहे सहित नगर मुख्य बाजार में व्यापारियों से मिलकर उनका तिलक किया और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया, साथ ही युवाओं को शुभकामनाएं दी भारतीय नववर्ष की ।विमल द्विवेदी ने मीडिया से बातचीत में कहा हम हिंदुओ का नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता हैं। हिन्दुओ में अब कुछ हद तक जागरण होने से हिन्दू समाज अब अपनी महान संस्कृति की तरफ फिर आकर्षित हो रहा है, और पूरी दुनिया भी सनातन संस्कृति को स्वीकार भी रही है, योग/आयुर्वेद का डंका आज पूरी दुनिया मे बज रहा हैं ।दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता के संवाहक हिन्दू समाज को इस दिन के लिए विशेष तौर पर याद करना चाहिए, क्योंकि परमपिता ब्रह्मा जी सृष्टि की संरचना इसी दिन शुरू की थी व कालांतर में जब कभी शकों ने भारत भूमि पर आक्रमण किया था तो सम्राट विक्रमादित्य ने उन्हें पराजित कर विक्रम कैलेण्डर की शुरूआत की थी ।हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,राकेश राजपूत, कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार, सुनील भदौरिया, योगेंद्र तिवारी , राघवेंद्र पांडेय, विष्णु गुप्ता, अभिषेक तिवारी ,अभी तिवारी, अलोक शुक्ला , धर्मेंद्र शुक्ला , शिवम् शुक्ला ,योगेश बाजपेई ,शिवमआजाद , सहित आधा सैकड़ा पदाधिकारियों ने दी भारतीय नववर्ष व नवरात्रि की शुभकामनाये

## पति-पत्नी के 28 विवादित जोड़ों की सकुशल कराई गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07, थाना हसनगंज, थाना औरास,थाना सोहरामऊ, थाना पुरवा व महिला रिपोर्टिंग चौकी बीघापुर से 03-03, थाना बारासगवर व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना गंगाघाट, व थाना कोतवाली सदर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति



डा0 आशीष श्रीवास्तव, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सागीर अहमद व सहयोगी अंकित सिंह रघुवंशी तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह,महिला उप निरीक्षक विजेता सिंह,का उपासना पूजा शर्मा, अल्का यादव, प्राची चौहान सोनी मिश्रा, तरुण, लक्ष्मी सिंह, अजेता शिखा, विनिमय गौतम, भावना, शकुंतला, श्वेता पारुल, प्रियंका का विशेष योगदान रहा।

## विधायक के जनता दरबार में सुनी गई शिकायतें

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों से उम्मीद लगाए रहती है, और जब कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए तत्पर नजर आता है, तो लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है। कुछ ऐसा ही नजारा रविवार को भाजपा कार्यालय में देखने को मिला, जहां सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर ने जनता दरबार लगाया। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विधायक ने उनकी शिकायतें गंभीरता से सुनीं ।जनता दरबार में आई शिकायतों में राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। क्षेत्रवासियों ने तहसील में दाखिल-खारिज, बरसात से जुड़ी समस्याओं और सरकारी कामों में रिश्वतखोरी को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। फरियादियों का कहना था कि अधिकारी फाइलों को इधर-उधर घुमाते रहते हैं और बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करते। इस पर विधायक ने एसडीएम नवीन चंद्र को तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।इसी दौरान लहबरपुर निवासी प्रवीण पाल ने शिकायत की कि उनके पड़ोसी पुलिस की मिलीभगत से जबरन उनकी भूमि पर गेट रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर विधायक ने अधिकारियों को मामले की जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।जनता दरबार के बाद विधायक बंबा लाल दिवाकर ने कहा कि अधिकतर शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़ी हुई थीं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि समस्याओं का समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार पाया गया तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## तालाब के किनारे युवक का अधजला पड़ा मिला शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना स्थानीय क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर ऊर्फ नरी गाड़ा में एक लगभग पचास वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। व्यक्ति का शव गांव के बाहर एक तालाब के किनारे पेड़ के नीचे अधजला अवस्था में पड़ा मिला ग्रामीणों ने सुबह देखा तो हड़कंप मच गया।। पेड़ में रस्सी भी बँधी मिली। जिससे ग्रामीणों में कई प्रकार की चचाएं होती रही। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी ।गांव निवासी लगभग पचास वर्षीय कमलेश पुत्र कल्लू का संदिग्ध परिस्थितियों में शव सुबह ग्रामीणों ने देखा तो परिवार व गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फारेंसिक टीम व सी ओ सफीपुर ने मौके पर पहुंचकर जाँच की। पत्नी मालती व ग्रामीणों ने कहा किसी प्रकार का कोई विवाद न तो घर में था न ही किसी से कोई रंजिश थी। मृतक कमलेश के एक विवाहित पुत्र विनोद और एक अविवाहित पुत्री चांदनी है। घटना का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होने की चर्चा ग्रामीणों में रही।

## 116 करोड़ का विकास बजट किया गया पास

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर पालिका ने वर्ष 2025-26 के लिए 116 करोड़ रुपये का विकास बजट पारित कर दिया है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी 28 वार्डों के सभासदों की मौजूदगी में यह बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। बजट में सबसे ज्यादा राशि सड़क निर्माण और जल निकासी के लिए 25 करोड़ 60 लाख रुपये रखी गई है। सफाई व्यवस्था के लिए 21 करोड़ 25 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। जलापूर्ति के लिए 5 करोड़ 34 लाख रुपये और प्रकाश व्यवस्था के लिए 3 करोड़ 15 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। पार्क सुंदरीकरण के लिए 68 लाख रुपये और स्वच्छ भारत मिशन के लिए 1.5 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है ।बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं रखीं। अभिषेक शुक्ला, योगेश मिश्रा, विशाल त्रिपाठी समेत कई सभासदों ने विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की। कुछ सभासदों ने फोरलेन पर लगे यूनिपोल को हटाने की मांग भी उठाई। उनका आरोप था कि ठेकेदार बिना टेंडर के विज्ञापन लगाकर अवैध वसूली कर रहे हैं ।पालिकाध्यक्ष ने सभी को आश्वासन दिया कि विकास कार्य पारदर्शी तरीके से होंगे। साथ ही हर वार्ड में समान रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने कहा कि यह बजट शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी सभासदों और नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नगर पालिका की ओर से हर संभव प्रयास किया जाएगा ताकि उन्नाव को एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाया जा सके।

## मां दुर्गा-कुशेहरी और जालिपा देवीः भक्तों की मन्नतें पूरी करने वाली दिव्य शक्तियां

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। नवरात्रि में मां दुर्गा, मां कुशेहरी और मां जालिपा देवी की महिमा अद्वितीय है। हजारों भक्त शारदीय नवरात्रि के दौरान इन देवियों की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। सुबह से ही मंदिरों में घंटे, शंख और मंजीरों की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो जाता है।

नवाबगंज कस्बे से लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित मां दुर्गा का मंदिर एक ऊँचे टीले पर स्थित है, जहां प्राचीन काल में ऋषि जगदग्नि का आश्रम था। कहा जाता है कि यहीं पर भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इस स्थान पर एक झील भी स्थित है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। पौराणिक कथा के अनुसार, ऋषि जगदग्नि की कामधेनु गाय को राजा सहस्त्रबाहु के पुत्रों ने बलपूर्वक छीन लिया और ऋषि का वध कर दिया। जब परशुराम तपस्या से लौटे तो उन्होंने मां दुर्गा की उपासना कर शक्ति प्राप्त की और अपने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लिया। इसी स्थान पर मां दुर्गा की स्थापना की गई थी।

नगर से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित मां कुशेहरी देवी का मंदिर भी पौराणिक महत्व रखता है। मान्यता है कि जब भगवान राम के पुत्र लव-कुश माता सीता को लिवाने जा रहे थे, तब वे यहीं विश्राम के लिए रुके थे। यहां एक कुएं से पानी निकालते समय उन्हें एक दिव्य शक्ति का आभास हुआ और कुएं से मां कुशेहरी की मूर्ति प्राप्त हुई। इसके बाद भगवान कुश ने इस मूर्ति को एक टीले पर स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू की। यही कारण है कि यह मंदिर पूरे भारत में अपनी तरह का अनोखा मंदिर है। पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित स्थल घोषित किया है और सरकार ने इसे पर्यटन स्थल का दर्जा भी दिया है।

मंदिर के ठीक सामने एक विशाल सरोवर स्थित है, जो गऊ घाट झील से जुड़ा हुआ है ।इसके चारों ओर आम, नीम, कदंब, इमली और पीपल के वृक्षों से मंदिर परिसर अत्यंत मनोहारी प्रतीत होता है ।मां जालिपा देवी के मंदिर में भी नवरात्रि के दौरान विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। यहां भक्तजन कन्याभोज और भंडारे का आयोजन करते हैं। पूर्व में इस मंदिर में बलि देने की परंपरा थी, जिसे 1940 में बाबा रघुवर दास ने समाप्त कराया। अब इस मंदिर में केवल प्रतीकात्मक रूप से बकरों के कान छेदकर छोड़ दिया जाता है ।नवरात्रि के पावन उत्सव पर मां दुर्गा और मां कुशेहरी मंदिर में भव्य सजावट की जाती है। मंदिर समिति के सदस्य भक्तों के सहयोग से माता के श्रृंगार और मंदिर की सजावट का कार्य संपन्न करते हैं। भक्तगण यहां आकर मुण्डन और उपनयन संस्कार भी करवाते हैं। अनेक श्रद्धालु मां कुशेहरी देवी को अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं और विश्वास रखते हैं कि माता उनके समस्त रोगों का नाश कर आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

मां दुर्गा मंदिर के विषय में भक्तों का मानना है कि यहां मांगी गई हर मन्नत अवश्य पूरी होती है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर भक्तों का तांता लगा रहता है और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब जाता है।

## चीफ इंजीनियर ने हो रहे कार्य का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेलवे गंगापुल पर ट्रफ बदलने का कार्य चल रहा है। रविवार को लखनऊ से प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर शिरेस केसवानी ने इस कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गंगापुल पर लंबे समय से ट्रेनों के आवागमन के कारण ट्रफ कमजोर हो गई थी। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने इसे बदलने का फैसला लिया। प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर ने कहा कि यह काम निर्धारित समय में पूरा होगा ।केसवानी ने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने काम में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त श्रमिक और संसाधन जुटाने को कहा। निरीक्षण के दौरान डिप्टी चीफ इंजीनियर, डिविजनल इंजीनियर और अन्य तकनीकी अधिकारी मौजूद रहे ।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। ट्रेनों के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर रूट डायवर्जन का विकल्प भी रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।





## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के डॉल्फिन पब्लिक स्कूल मीर खेड़ा में शनिवार शाम को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया ।प्रबंधक ने कहा शिक्षा बच्चों में वैज्ञानिकता को बढ़ाती है सवाल करने की पहल करने की क्षमता बढ़ाती है सही मायने में वही शिक्षा है ।सुनो गौर से दुनिया वालो बुरी नजर हम पर डालोजब भी बात फर्ज और सुरक्षा की आती है तो सामने पुलिस आती है पुलिस को सेल्यूट भगवान सब जगह नहीं पहुंच सकते इस लिए रब न मां को बनाया आदि गानों पर गीत प्रस्तुत करते हुए संदेश दियाबच्चो ने जाति धर्म, मजहब के नाम पर लड़ने के बजाय हिंदुस्तानी एकता के बारे में, पर्यावरण, राष्ट्वाद और धर्मनिपेक्षता के प्रति संदेश देते सांस्कृतिक कार्यक्रम ।बच्चों ने बाल श्रम रोकने समेत मोबाइल के दुष्प्रभाव को दिखाने लिए मंचन किया ।जिसमें मोबाइल यूंही हटा कट्टा नहीं हुआ, ये मोबाइल रिश्ते खा गया। घड़ी, टार्च खा गया, समय और संस्कार, सामाजिकता खा गया। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन नंदलाल सिंह, प्रबंधक माधुरी सिंह आदि ने उत्कृष्ट बच्चो को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 268 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा में किया प्रतिभाग



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। नगर पंचायत न्योतनी स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में रविवार को नवोदय की परीक्षा देने के लिए जनपद सहित आसपास के अन्य जनपदों से 268 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया तहसीलदार ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी ।न्योतनी नगर पंचायत स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में रविवार को 336 बच्चों को प्रवेश परीक्षा देनी थी लेकिन, हरदोई, कानपुर देहात, लखनऊ, मोहनलालगंज सहित उन्नाव के क्लास 6,7,8 के 268 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिसमें 68 बच्चे अनुपस्थित रहे जिसका निरीक्षण तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय ने कक्ष में पहुंचकर किया प्रधानाचार्य वंदना त्रिपाठी को भीषण गर्मी को देखते हुए दूर दूर से आए हुए बच्चों को ओआर एस घोल पिलाने के निर्देश दिए। साथ ही कक्ष सहित अन्य जगहों पर साफ सफाई के निर्देश दिए प्रधानाचार्य वंदना त्रिपाठी ने बताया कि 2 अप्रैल को रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# बाहर से आने वालों पर कठोर निगरानी जरूरी

अमेरिका समेत दुनिया भर में जब अवैध प्रवासी को लेकर चर्चा गर्म है और हर देश अपने यहां रह रहे अवैध नागरिकों को बाहर करने के लिए प्रयासरत है, तब भारत में प्रवासन नीति को लेकर विधेयक पर चर्चा ध्यान खींचती है। आजादी के बाद से भारत बाहर से आने वालों को लेकर अधिक सख्त नहीं रहा है। इसका कारण है कि भारत से अलग हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा पड़ोसी नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान से लोग भारत आकर रहते-बसते रहे हैं। भारत बाहरी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित मुल्क रहा है, लेकिन आज स्थिति बदल रही है। गलत नीयत से आने वाले प्रवासी, अवैध नागरिक भारत के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। भारत के डेमोग्राफी में बदलाव की नीयत से, आतंकवाद, उपद्रव, अशांति फैलाने के उद्देश्य से लोग आने लगे हैं, जो भारत के लिए चिंता की बात है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान जवाब में दो टूक संदेश दिया है कि 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रहे, अशांति के लिए आने वालों से सरकार कठोरता से निपटेगी।' देखा गया है कि देश में अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकवाद, हिंसा, ड्रग्स तस्करी आदि में लिप्त रहे हैं, जो देश की शांति में खलल के कारण बन रहे हैं। भारत सरकार की प्रवासन नीति कठोरता और करुणा का मिश्रण है। नए विधेयक में प्रावधान है कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शांति व सुरक्षा के लिए यह नीति जरूरी है। भारत में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए सरकार को यह जानने का अधिकार है। दुनिया के सभी देशों में बाहर से आने वालों के लिए कठोर नियम है। भारत भी इस दिशा में बढ़ रहा है, जो सकारात्मक है। भारत ने अभी तक शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और देश को किसी शरणार्थी नीति की जरूरत नहीं है। भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भारत में आ रहे हैं। कालक्रम में अनेक लोग बसने के लिहाज से आए। लेकिन अब स्थिति बदली हुई है, अशांति फैलाने वालों को रोकना जरूरी है। चूंकि, पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। भारत के विकास में योगदान करने के लिए आने वाले देश के लिए असेट होंगे, लेकिन अस्थिरता व अशांति फैलाने कोई आएंगे तो उनसे कठोरता से निपटना जरूरी है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए किस प्रकार सरकार के लिए संकट बने हैं यह किसी से छिपा नहीं है। भारत छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से नागरिकता दे रहा है। भारत को एक सुरक्षित और नागरिक विनियमन राष्ट्र के तौर पर स्थापित करना जरूरी है। नागरिकता को लेकर भारत की सॉफ्ट पावर की छवि को बदल कर कठोर निगरानी के साथ नियम आधारित बनाना ही चाहिए। नागरिकता पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला


# नशे के खिलाफ जंग लड़ता भारत

> पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया। ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए।

आमतौर पर सिर्फ पंजाब के लिए कहा जाता है कि नशे की लत के कारण पूरा राज्य बर्बादी की तरफ बढ़ रहा है। इस सूची में गोवा, मिजोरम, मेघालय और मणिपुर भी पीछे नहीं हैं। कहने वाले कहते हैं कि मणिपुर समस्या की सबसे गहरी जड़ नशे के कारोबार से जुड़ी है। पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया।

ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा, और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए। दरअसल अपराध की जो संगठित गिरोहबाजी है, उसमें सबसे बड़ी श्रृंखला नशे की कारोबारियों की है। किसी के पास यह निश्चित आंकड़ा नहीं है कि ड्रग्स सिंडिकेट का कारोबार कितना बड़ा है, लेकिन हर देश को यह अंदाजा जरूर है कि यह गैरकानूनी धंधा पूरे संसार में सबसे बड़ा है और हर देश इससे पीड़ित है और इसे खत्म करने के लिए जूझ भी रहा है। भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े अफ़ीम बाज़ारों में से एक है। नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं। नशे के कारण होने वाली मौतों की गंभीरता को समझते हुए केंद्र सरकार ने 1995 में ऐसी मौतों के आंकड़े को अलग करना शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को 'मादक पदार्थ मुक्त' बनाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानें तो केवल 2024 में भारत में 16,914 करोड़ के ड्रग्स पकड़े गए। कुछ देश ऐसे भी हैं जो इसको बढ़ावा भी दे रहे हैं, लेकिन संभवतः उनके यहां सिस्टम नाम की चीज नहीं है और इन पर एक तरह से अपराधियों का ही कब्जा है। दुनिया में पांच ऐसे बड़े देश हैं जहां नशे का कारोबार सबसे अधिक फैलता है। सबसे पहले नंबर पर ईरान है। उसके बाद अफगानिस्तान, फिर रूस, अमेरिका और ब्रिटेन भी। भारत कुछ चंद देशों में शामिल है, जो ड्रग्स सिंडिकेट के निशाने पर हमेशा रहा है। एक तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और दूसरे भारत की सीमाएं चीन, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ लगी होने से ड्रग्स डीलरों के लिए सबसे बड़ी और अपेक्षाकृत आसान मंडी भारत बन गया था। उस पर भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ परोक्ष युद्ध में नशे की खेप को भी एक हथियार बना रखा है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट तो चौंकाने वाली है। दिसंबर 2024 में गृह मंत्रालय के हवाले से यह खबर छपी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई न सिर्फ भारत में नशे की खेप भेज



रहा है, बल्कि भारत की जेलों में बंद अपने हैंडलरों को खास संदेश देने के लिए नशेड़ियों को भारत में घुसपैठ भी करा रहा है। आज भारत के कई ऐसे राज्य हैं, जहां नशे के सामान सबसे अधिक बेचे और इस्तेमाल किए जाते हैं। ड्रग माफियाओं से भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश परेशान हैं। अमेरिका में सबसे अधिक ड्रग एडिक्ट लोग रहते हैं, पर संतोष की बात यह है कि अन्य बड़ी समस्याओं की तरह भारत ने भी नशे की बीमारी को गंभीरता से लिया है और मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत की तरह नशा मुक्त भारत का भी अभियान छेड़ रखा है। क्योंकि नशे का कारोबार केवल हमें आर्थिक क्षति नहीं दे रहा, बल्कि पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। नशे में आदी लोग सामाजिक ताना-बाना को भी चोट पहुंचा रहे हैं। नशेड़ी मारपीट, चोरी, डकैती और कुछ हत्या तक के अपराधी हैं। केंद्र सरकार नशे की चपेट में आए लोगों के प्रति बेहद संजीदगी से पेश आ रही है।

मोदी सरकार की गंभीरता इसी से पता चलती है कि केंद्र सरकार अपने संसाधन से देश में 340 से अधिक नशा मुक्ति केंद्र चला रही है। न केवल नशे की खेप को आने से रोकने के लिए रणनीतिक साझेदारी के साथ राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर चल रही है, बल्कि पीड़ितों के साथ भी मानवीय आधार पर नशामुक्ति का अभियान चला रही है। गृह मंत्रालय के साथ-साथ इस काम में मानव संसाधन मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और समाज कल्याण मंत्रालय के साथ साथ राज्य भी भागीदारी कर रहे हैं। नशीले पदार्थ की एक पुड़िया भी बरामद होने के बाद नीचे से ऊपर तक की श्रृंखला को खोद निकाला जा रहा है। नशे का कारोबार चूंकि एक संगठित अपराध है, इसलिए इसका मुकाबला भी संयुक्त प्रयास से ही किया जा सकता है। केंद्र और राज्यों का समन्वय और इससे लगने की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि केंदीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में बहुत गंभीर हैं। अभी हाल ही में अमित शाह ने संसद के जरिए देश को बताया है कि उनके मंत्रालय ने राज्यों के साथ मिलकर एक चार स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर मैकेनिज्म की स्थापना की है, ताकि संगठित अपराधियों के खिलाफ काम करने वाली केंद्र एवं राज्यों की एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल हो सके। सभी एजेंसियां एक ही दिशा में काम करें और रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके, इसके लिए एक वेब पोर्टल एनसीओआरडी लॉन्च किया गया है। इसी तरह से एक डेडिकेटेड एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का भी गठन किया है। बीएसएफ और असम रायफल्स जैसे अर्धसैनिक बलों को एनडीपीएस कानून के तहत ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ सर्च और सीजर का अधिकार दे दिया गया है। खुद नार्कोटिक्स कंट्रोल बोर्ड नेवी, कोस्ट गार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन कर रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में हमें बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। 2014 से लेकर 2024 तक एक करोड़ किलो ड्रग्स को जब्त किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है। अमित शाह के कार्यकाल में अभी तक 6 लाख 56 हजार ड्रग्स के केस दर्ज हो चुके हैं। यह रिकॉर्ड 2014 से पहले के मुकाबले कई गुना अधिक हैं। पर सच्चाई यह भी है कि ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं सका है। चोरी छुपे यह लोगों तक पहुंच ही जा रहे हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की संसद में कही इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं जीत सकती, समाज और राज्यों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। यह ठीक भी है कि नशे के खिलाफ अभियान घरों की चौखट से शुरू होनी चाहिए। नशे की समस्या से निपटने में बुनियादी ढांचे से लेकर प्रशिक्षित कर्मियों, विशेष उपकरणों, साइकोएक्टिव ड्रग्स व डार्क नेट-क्रिप्टो तक अनेक चुनौतियां भी हैं।

## दो टूक
डॉ. मोनिका शर्मा




# सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कई फैसलों पर लगाई है रोक

बीते दिनों आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश से आमजन हैरान-परेशान तो हुए ही, इस टिप्पणी का मुखर विरोध भी हुआ। ज्ञात हो कि अपनी टिप्पणी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा कहा गया था कि 'किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टु रेप' का मामला नहीं बनता।' देश के हर हिस्से में बसे लोगों ने इस फैसले का ना केवल विरोध किया बल्कि इसे असंवेदनशील भी माना। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दुष्कर्म संबंधी इस दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस टिप्पणी पर रोक लगा दी है। ध्यातव्य है कि सुप्रीम अदालत ने उच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश में की गयी कुछ टिप्पणियों को पूरी तरह से 'असंवेदनशील' तथा 'अमानवीय दृष्टिकोण वाली' माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार देते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं, लेकिन ये टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं। इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं, जिनमें कहा गया था कि 'महज ... पकड़ना और पायजामे का नाड़ा ... बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता'। गौरतलब है कि पहले इसी मामले में फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। ऐसे में पूरे देश में आक्रोश, चर्चा और चिंता का विषय बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का यह हस्तक्षेप जरूरी और विचारणीय है। देश में बाल शोषण और दुष्कर्म के आंकड़े सचमुच चिंतनीय हैं। यह मामला भी 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से जुड़ा है। असल में बच्चों के शोषण से जुड़े मामलों को स्पष्टता से समझना मुश्किल होता है। अधिकतर मामलों में तो अपने ही बाल शोषण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देते हैं। नाबालिग बच्चों के मामले में तो दुर्व्यवहार की सीमा और स्थिति का आकलन और मुश्किल हो जाता है।

यही वजह है कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी घटनाओं में पहले भी न केवल ऐसे निर्णय आए हैं बल्कि उच्चत्तम न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप भी किया गया है। 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा भी यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़ित के निजी अंगों को स्किन टु स्किन संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट) में अपराध नहीं मान सकते। ध्यातव्य है कि इस फैसले को सुप्रीम अदालत ने पलटते हुए कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण इरादा है, न कि त्वचा से त्वचा का संपर्क। बीते साल मद्रास हाईकोर्ट ने भी एक मामले को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि बच्चों की अश्लील वीडियो देखना पोस्को और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध नहीं है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो पर मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को भी सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बच्चों की अश्लील वीडियो को डाउनलोड करना, देखना और उसे अपने पास रखना अपराध है। असल में बच्चों के कामुक शोषण के मामलों में मंशा ही सबसे अहम है। वैचारिक मोर्चे पर नकारात्मकता की दस्तक ही व्यवहार की बर्बरता के रूप में सामने आती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सामाजिक परिवेश से लेकर स्कूल और पारिवारिक माहौल तक, बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार की सोच रखने वाले करीबी अपने ही होते हैं। परिचितों- अपरिचितों की सोच की दिशाहीनता ही ऐसे वाकयों का कारण बनती हैं। इतना ही नहीं, अश्लील सामग्री देखना और अपने पास रखना भी कुत्सित सोच से ही जुड़ा है। न केवल ऐसी सामग्री को देखकर बच्चों के साथ बर्बरता करने के मामले सामने आ चुके हैं

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## नव वर्ष की तैयारी



गुड़ी पड़वा त्यौहार से पहले ठाणे के एक बाजार में शक्कर की माला को निहारती एक महिला। गुड़ी पड़वा का वसंत त्योहार मराठी और कोंकणी हिंदुओं के लिए नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *– दिनेश यादव, कांकेर*

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि अर्पित



श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जयंती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण और सामाजिक असमानताओं के उन्मूलन के लिए काम किया। करुणा और एकता पर उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं।

**-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### सम्मान देने की प्रतिबद्धता



दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने की प्रतिबद्धता को साकार किया। 60-69 वर्ष की आयु के नागरिकों को 2,500 व 70+ आयु के नागरिकों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### नशे के ख़िलाफ़ युद्ध



पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख़्शा नहीं जाएगा।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### डेटा एनालिटिक्स



प्लांट साइंटिस्ट डॉ. स्मिता हेज ने डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कम बजट में मैंगलोर में पेड़ों का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया। बेंगलुरु को इस तरह की परियोजना शुरू करनी चाहिए।

**- किरण मजूमदार, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# शिशु मृत्यु दर रोकने में भारत की अहम भूमिका

विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है।



मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है।

## ऑफ बीट

# गरीबी मस्तिष्क के विकास में बाधक

प्रारंभिक बचपन मस्तिष्क के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो अनुभूति और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उम्र में मस्तिष्क का अच्छा स्वास्थ्य सीधे तौर पर बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और किशोरावस्था और वयस्कता में शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है। यह तनाव के समय में उसे झेलने की क्षमता भी प्रदान कर सकता है। लेकिन, दुख की बात है कि गरीबी के कारण मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि प्रारंभिक बचपन गरीबी के माहौल में बिताना कम शैक्षिक उपलब्धि के लिए एक जोखिम कारक है।



## संक्षेप

### विवाहिता की गला दबाकर हत्या, पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ग्राम झल्ला में विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।कैसरगंज इलाके के ग्राम डढ़ैला डीहा निवासी इम्तियाज अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने तहरीर में उल्लेख किया है कि अपनी 20 वर्षीय बेटी उम्मी फातमा उर्फ अम्मुन का विवाह एक वर्ष पूर्व ग्राम झल्ला गोड़ियनपुरवा निवासी अजमत अली के साथ किया था। उसके डेढ़ माह का बेटा भी है। पिता ने बताया कि बेटी को दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग को लेकर उसे ससुरालीजन परेशान करते थे। ससुराल के लोगों ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी और आत्महत्या का स्वरूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्र पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। तहसीलदार ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। एसओ ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति अजमत अली, ससुर ननकू, सास कदीरुल निवासी झल्ला गोड़ियनपुरवा, तजम्मुल निवासी ग्राम कुड़ौनी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बगिया चौराहा से पीढ़ी रोड पर पंडित जुग्गीलाल स्कूल के पास कार की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मालापुर जगदीशपुर गांव की सीमा देवी (45) के रूप में हुई है। वह अपने भतीजे संदीप दुबे के साथ बाइक से सेमरी बुआपुर गांव जा रही थीं। मुईली गांव के पास जुग्गीलाल स्कूल के नजदीक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सीमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। कार चालक मौके से फरार हो गया। ण

### 5 दिनों से खराब है हैंडपंप

सुलतानपुर, कोइरीपुर नगर पंचायत के हनुमान नगर वार्ड में स्थित मंदिर के पास बगीचे में लगा हैंडपंप पिछले पांच दिनों से खराब है। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए सभासद प्रतिनिधि राय साहब ने हस्तक्षेप किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि हैंडपंप की मरम्मत जल्द से जल्द करवाई जाएगी।

# विद्यालय में समारोह पूर्वक मनाया गया वार्षिकोत्सव

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोहा

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में इन दिनों वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोहों की धूम मची हुई है।वर्तमान शैक्षिक सत्र समापन के अंतिम दिवस विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शिवदास गांव में वार्षिकोत्सव, शारदा संगोष्ठी एवं कक्षा 5 के बच्चों का विदाई समारोह मनाया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूजा कुमारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के संभ्रांत व्यक्ति विष्णु प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एचडीएफसी बैंक नानपारा के कलेक्शन ऑफिसर प्रिंस मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहनलाल, एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव, वरिष्ठ शिक्षक कमालुद्दीन, अजय कुमार मिश्रा, पद्मेंद्र सिंह भारती व असलम हुसैन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान विद्यालय की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक अखिलेंद्र सिंह तथा मंच संचालन अजय कुमार मिश्रा ने किया। बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गायन, नाटक, सोलो व ग्रुप डांस, रंगोली व लम्बी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वर्तमान शैक्षिक सत्र में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र रितिक, युनुस, शिवम, पूरनसिंह को तथा आउट ऑफ स्कूल छात्र मोहसिन के अभिभावक को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय परिवार तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कक्षा 5 के छात्रों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को जलपान कराया गया। इस दौरान शिक्षक अखिलेंद्र सिंह, विजय कुमार चौधरी रामकरन यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# ईद की नमाज को लेकर ईदगाहों का फखरपुर पुलिस ने लिया जायजा



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। मुस्लिम का सबसे बड़ा पर्व माहे रमजान इस मुबारक और पाक महीने के अंत मे पड़ने वाली ईद की नमाज को शकुशलता से सम्पन कराने को लेकर फखरपुर एसओ राजेश शुक्ला ने ईदगाहों का भृमण किया गया। फखरपुर एसओ राजेश शुक्ला ने सभी ईदगाहों का जाएजा लिया और ईदगाह पर नमाजियों को नमाज अदा करने में कोई दिक्कत न हो इसलिए ईदगाह के व्यवस्थापाक व संबंधित ग्राम प्रधानों से थानाध्यक्ष ने वार्ता की नमाजियों की जमात के लिए चूना से एक लाइन बनाई जाए जिससे सारी जमात सीधी रहे और सभी लोग नमाज अदा करें। जिन जगहों पर मेले का आयोजन होता है वहां पर नमाज पढ़ने वाली जगह पर दुकान ना लगे जिस से किसी भी व्यक्ति को नमाज पढ़ने में दिक्कत हो। फखरपुर क्षेत्र में लगभग 21 ईदगाहों पर चांद देखने के बाद कल नमाज अदा की जाएगी।

# पास्को एक्ट से संबंधित युवक को खैरीघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

शिवपुर/बहराइच। जिले के तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत थाना खैरीघाट क्षेत्र से संबंधित पास्को अभियुक्त को पुलिस ने जेल का रास्ता दिखाया है। ज्ञातव्य हो कि अभियुक्त को राजी चौराहा से खैरीघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक सुनील गौतम पुत्र लल्लू गौतम निवासी चमरहिया दाखिला माझादरियाबुर्द खाना खैरीघाट को गिरफ्तारी टीम खाना खैरीघाट से उपनि0 राम प्रवेश यादव व हेडकां0 दयानंद सिंह ने दबोच लिया और विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने न्यायालय रवाना कर दिया है। अभियुक्त के गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को उचित माध्यम से पुलिस द्वारा दे दी गई है। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराधियों की धर पकड़ कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के दिशा निर्देशन में पास्को एक्ट के अभियुक्त की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा की गई है।

# कैसरगंज में आयोजित हुआ पथ संचलन का कार्यक्रम

### पूर्व मंत्री ने कार्यकताओं संग किया स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको ने शनिवार की शाम को कैसरगंज कस्बे में पथ संचलन किया।कस्बे मे जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत अभिनंदन किया। कैसरगंज के रामलीला मैदान मे शनिवार की शाम सैकडो स्वयंसेवक एकत्रित हुए और यही से पथ संचलन का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ जो मण्डी समिति से होते हुए हनुमान मंदिर पहुचा। वंहा से पूरे कस्बे का भ्रमण कर स्वयंसेवक पुनः रामलीला मैदान पहुंचे। उसके पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। पथ संचलन से पूर्व प्रांत सह घोष प्रमुख संतोष कुमार, सह जिला कार्यवाह अंकुश जी, जिला समग्र विकास प्रमुख विष्णु पाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। पूर्व मन्त्री मुकुट बिहारी वर्मा ,गौरव वर्मा व सुबेद वर्मा ने भाजपा कार्यालय के सामने पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी ने अपने सहयोगियो के साथ अपने प्रतिष्ठान के सामने, उमा प्रताप सिंह ने हनुमान मंदिर के निकट स्वयंसेवको पर पुष्प वर्षा की पथ संचलन में स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संचलन देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। इस मौके पर खंड संचालक उमेश कुमार, खंड कार्यवाह मोहित कुमार, नगर कार्यवाह बृजेश, नगर संघ चालक राकेश कुमार, रामेन्द्र चौधरी, प्रभात सिंह अजय सिंह, रामगोपाल, डा योगेश सिंह भी मौजूद रहे।

# ग्रामोदय लघु माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

## स्टडी टेबल एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किए गए मेधावी

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जंगल क्षेत्र में स्थित गंगापुर में ग्रामोदय लघु माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव राम निषाद रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई । नर्सरी की छात्रा आकृति 98.72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। वही कक्षा 1 से 09 तक की कक्षाओं में कक्षा 1 के छात्र देवराज ने 98.72 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया। मेधावी छात्र एवं छात्राओं को स्टडी टेबल एवं गोल्ड मेडल तथा अगली कक्षाओं की किताबें देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय संचालक एवं मंडल अध्यक्ष जलांचल प्रगति पथ प्रेम मल्होत्रा ने किया। इस मौके पर सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री योगेंद्र मौर्य उर्फ पिंटू मौर्य, यशवंत सिंह, प्रदीप मल्होत्रा, रामनरेश मौर्य, शिवसागर गौतम, संतोष आचार्य, शिखा मल्होत्रा, अरविंद सिंह, राजनाथ सिंह, छैल बिहारी निषाद, रोहित कश्यप, बृजेश साहनी विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ईद की खुशियां मातम में बदली, बहन के घर ईदी देने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

### रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी ठोकर, हादसे में बुझ गया घर का इकलौता चिराग

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के मदन कोठी से पहले फखरपुर की तरफ एफ आर एफ ढाबा के निकट एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को मारी ठोकर। बाइक सवार युवक की हुई दर्दनाक मौत। ईद की खुशियां मातम में हुई तब्दील। 30 वर्षीय सलमान निवासी फखरपुर की नई बस्ती का रहने वाला अपने बहन के घर ईदी देने जा रहा था। और हादसे का हो गया शिकार। क्षेत्रीय लोगों का माने तो बताया जा रहा है कि बस ने मोटरसाइकिल सवार युवक को 1 किलोमीटर तक घसीटता रहा की पुकार सुनकर बस चालक ने जब तक अपनी बस को रोकता तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। सलमान अपने घर का एकलौता पुत्र था। सूचना मिलते ही परिवार में मच गई। चीख पुकार वही बस चालक मौके से बस को छोड़कर फरार हो गया। कयास लगाया जा रहा है कि अगर युवक हेलमेट लगाया होता तो बच सकती थी उसकी जान। सूचना मिलते ही फखरपुर पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाने पर पहुंचाया गया।

# रूपईडीहा मे जय घोष के साथ निकाला गया पथ संचालन

## राम सीता और भारत मां की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में आज सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर रुपईडीहा मे भारतीय नव वर्ष पर पथ संचलन घोष के साथ निकाला गया। खंड संचालक कृष्णा चन्द पाठक विद्यालय के प्रबंधक उमाशंकर वैश्य चेयरमैन ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। आपको बताते चलें कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल से बैंड बाजे के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा नगर भ्रमण करते हुए रैली निकाली गई, जिसमें श्री राम जी, लव कुश, लक्ष्मीबाई, सरस्वती जी, भारत माता की झांकियां निकाली गई। झांकी नगर में होते हुए थाना के सामने से निकलकर राम जानकी मंदिर और रामलीला चौराहा से होते हुए वापस लौटी। नगर के लोगों ने पुष्प वर्षा कर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज कुमार सिंह ने नगर के लोगों को नववर्ष का कार्ड देते हुए नव वर्ष की बधाई दी। आदर्श थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक विजय कुमार एवं पुलिसकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। इस नव वर्ष के पावन पर्व के शुभ अवसर पर दिनेश अग्रवाल बृजेश श्रीवास्तव , राधेश्याम शर्मा योगेंद्र शर्मा संजय वर्मा शेर सिंह कसौधन दया शंकर शुक्ला संजय वर्मा, दयाशंकर शुक्ल, विद्यालय के अनिल कुमार, कमलेश मनमोहन, हिमांशु सिंह और हिमांशु द्विवेदी लक्ष्मी, दिव्या रीना, शांति, मुस्कान आदि आचार्य बंधु उपस्थित रहे।

# शारदा संगोष्ठी तथा वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। प्राथमिक विद्यालय सिरसिया के प्रांगण में विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं शारदा संगोष्ठी तथा वार्षिक उत्सव का आयोजन विद्यालय प्रबन्ध समिति पदादिकारियों, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रधान राजेश वर्मा एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय की छात्र सुमन मिश्र, अर्चना मौर्या, सोनम ने सरस्वती बन्दना और स्वागत गीत मोहनी देवी, रीना नें प्रस्तुत किया व स्वागत भाषण प्रधानाध्यापक ने किया। कर्यक्रम की शुरूआत लंम्बी कूद से किया गया। दौड़ 50-100 मीटर, कबड्डी, समूह गान आदि का आयोजन किया गया।प्रधानाध्यापक शक्ति धर पाठक ने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें तथा विद्यालय द्वारा दिये



गए कार्यों का निरीक्षण करें सप्ताह में एक बार विद्यालय में आकर स्टाफ से आपनें बच्चे के बारे में जानकारी अवश्य प्राप्त करें। अप्रैल माह से नवीन नामांकन शुरू हो जायेगा।इस मौके पर छात्र, अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीओ की अध्यक्षता में सात चौकीदारों को मिली साइकिल, खिले चेहरे

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच।ग्रामीण क्षेत्र मे पुलिस महकमें के लिए बेहतर कार्य करने वाले चौकीदार भी अब साइकिल से हल्का क्षेत्र में निकलेंगे। इसके लिए उन्हें सरकार की तरफ से साइकिल मुहैया कराई गई है। रविवार को सीओ रवि खोखर व थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को साइकिल वितरण किया। थाना परिसर में एसओ राजेश शुक्ल ने सरकार की ओर से चौकीदारों को मिली साइकिल, वितरण किया। सीओ रवि खोखर ने बताया थाना क्षेत्र में तैनात सात चौकीदारों को सरकार की तरफ से यह सौगात दी गई। साइकिल पाकर चौकीदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। चौकीदारों ने बताक्षा की साइकिल मिलने से उनका कार्य और असान हो गया अब और बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। एसओ ने बताया चौकीदारों की सक्रियता से ग्रामीण क्षेत्र में घटनाओं पर अंकुश लगता है और इनकी रात दिन की मेहनत से पुलिस का काम और सरल हो जाता है। इस मौके पर उपनिरीक्षक सुदामा, दिवान हरिश्चन्द्र रामनिवास गौतम, पटेल राय, विकास कुमार, चौकीदार राजेश, कुमार, रमाशंकर आदि मौजूद रहे।



# नकली हरा पत्ता वाशिंग पाउडर के मामले में चार व्यापारियों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच।पिछले शुक्रवार को रुपया के केवलपुर मोड पर चौधरी किराना स्टोर पर दो बोरी नकली हरा पत्ता वाशिंग पाउडर बरामद हुआ था। जिस पर पुलिस छानबीन कर रही थी। छानबीन के आधार पर आज उक्त व्यापारी सहित तीन अन्य के खिलाफ रुपईडीहा थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार शुक्रवार को रुपईडीहा की हरा पत्ता वाशिंग पाउडर के अधिकृत प्रतिनिधि रितेश गुप्ता के द्वारा रूपईडीहा थाने में एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया था की केवलपुर मोड़ के पास एक किराने की दुकान पर नकली हरा पत्ता वाशिंग पाउडर बेचा जा रहा है जिस पर रूपईडीहा पुलिस ने छापा मारकर दो बोरा हरा पत्ता वाशिंग पाउडर बरामद किया था। इस संबंध में रूपईडीहा थाने के उपनिरीक्षक एवं कस्बा इंचार्ज विजय कुमार से बात करने पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त पकड़े हुए वाशिंग पाउडर को जांच के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आ जाने के बाद उसी हिसाब से कार्यवाही की जाएगी अभी चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर के आगे की जांच की जा रही है। रूपईडीहा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 एवं ट्रेडमार्क अधिनियम 1999 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।जिन लोगों पर मुकदमा पंजीकृत हुआ उनका विवरण इस प्रकार है। बाबा दिन चौधरी मालिक चौधरी किराना स्टोर रूपईडीहा, अजय मिश्रा घड़ी सेल्स मेन, अशोक कुमार कशौधन, सुनील के नाम से मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# मंडल रामपुर धोबिया में जनसंपर्क कार्यक्रम प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के विधानसभा 283 नानपारा क्षेत्र अंतर्गत मंडल रामपुर धोबिया के सेक्टर कोटवा में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के क्रम में कार्यकर्त्ता जनसंपर्क कर लोगों को गिना रहे सरकार की उपलब्धियां। गरीबों के हितों मे चलाई जा रही तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा कार्यकर्त्ता श्लोक कुमार कर रहे हैं। पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मे सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का काम मंडल स्तर के कार्यकताओं द्वारा बूथ स्तर तक किया जा रहा है। जिससे समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति तक यह जानकारी पहुंच सके कि मोदी सरकार उसके लिए क्या कर रही है। सरकार की विभिन्न योजनाएं- आवास, सम्मान निधि, निशुल्क खाद्यान्न, पेंशन गांव-गांव तक व शहरों मे सड़के, बिजली, आयुष्मान, जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकार गरीब लोगों को विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी माध्यम से पहुंचने का प्रयास कर रही है। संपर्क के दौरान कार्यकताओं द्वारा लोगों को रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। जिसमें सरकार की योजनाएं लिखी हुई है। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता वीरेंद्र सिंह, धर्मराज केवट, शारदा प्रसाद शुक्ला, श्रवण कुमार वाजपेयी सहित मंडल कार्य समिति सदस्य श्लोक कुमार चौधरी व खुशीराम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला टीचर और आंगनबाड़ी सहायिका के बीच मारपीट

## जमीन पर पटककर खींचे बाल, चलाए लात घूंसे; शिक्षिका अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, छाता तहसील के एक आंगनवाड़ी केंद्र पर जमकर मारपीट हुई। आंगनबाड़ी सहायिका और शिक्षिका के बीच लात घूंसे चले, एक दूसरे की चोटी खींची और जमीन पर गिरा गिराकर दे दनादन मारपीट की गई। आंगनबाड़ी सहायिका और शिक्षिका के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मथुरा के एक आंगनवाड़ी केंद्र का एक वीडियो सामने आया है। यहां के छाता तहसील क्षेत्र में एक आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगनवाड़ी सहायिका और शिक्षिका के बीच जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई। बहरावली गांव में स्थित केंद्र पर किसी बात को लेकर शिक्षिका और आंगनबाड़ी सहायिका में विवाद हो गया। दोनों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। शिक्षिका और आंगनबाड़ी सहायिका के बीच शुरू हुई मारपीट में दोनों एक दूसरे की चोटी खींचने लगी। दोनों ने एक दूसरे को जमीन पर पटक दिया। कभी शिक्षिका थप्पड़ घूंसे चला रही थीं तो कभी आंगनवाड़ी सहायिका। दोनों के बीच मारपीट होते देख कुछ ही देर में केंद्र पर जमावड़ा लग गया। केंद्र पर आने वाले बच्चे यह देख सहम गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को अलग किया। बताया जा रहा है इस मारपीट में शिक्षिका की हालत बिगड़ गई। जिन्हें आगरा के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आंगनवाड़ी केंद्र पर हुई मारपीट के मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

## संक्षेप

### लोन के नाम पर 100 से ज्यादा महिलाओं से ठगी

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी में एक कथित माइक्रो फाइनेंस कंपनी ने बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। कंपनी के कर्मचारियों ने 100 से अधिक महिलाओं को लघु ऋण देने का झांसा देकर उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड के जरिए लाखों रुपये की ठगी की। आरोपी कर्मचारी रातोंरात अपना दफ्तर समेटकर फरार हो गए। पीड़ित महिलाएं न्याय की मांग को लेकर स्थानीय लोगों के साथ कोतवाली पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर अपना पैसा वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने सरकारी योजनाओं की कमियों को भी उजागर किया है। सरकार की ओर से चलाई जा रही छोटे लोन की योजनाएं जटिल नियमों के कारण आम लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इसी कारण लोग निजी कंपनियों की ओर रुख करते हैं। गुलावठी की यह घटना बताती है कि ऐसा करना कितना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

### सिकंदराबाद में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट बेकार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, सिकंदराबाद में एक साल पहले स्थापित प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। 32 लाख रुपये की लागत से बनी इस यूनिट में लगी मशीनें बिना इस्तेमाल के खराब हो रही हैं। सिकंदराबाद देहात क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत में कांवरा रोड पर यह यूनिट स्थापित की गई थी। इसमें लगी प्लास्टिक ग्रेन्युलेशन मशीनों से प्लास्टिक दाना बनाने की योजना थी। रखरखाव के अभाव में अब इन मशीनों में जंग लगना शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए सरकार बड़ी राशि खर्च कर रही है। यहां प्रकाश व्यवस्था, श्मशान, अमृत सरोवर और वेयरहाउस जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। लेकिन प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट की स्थिति चिंताजनक है। ग्राम पंचायत प्रधान शशि के अनुसार, बिजली कनेक्शन नहीं मिलने के कारण यूनिट का संचालन नहीं हो पा रहा है।

### जमीन का फर्जी सौदा कर 13 लाख की धोखाधड़ी

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मसूरी कस्बे के निवासी हशमत ने गांव देहरा थाना धौलाना की गुलिस्ता, जानमोहम्मद और बिलाल पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मामले के अनुसार, 10 मई 2024 को गुलिस्ता और उसके परिवार ने गुलावठी के गांव महौली में स्थित अपनी जमीन (खसरा नंबर 430, 437, 463, 451, रकबा 06747) को 54 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया। हशमत ने इस सौदे में 5 लाख रुपये का चेक और 8 लाख रुपये किश्तों में दिए। जब हशमत ने बैनामा कराने की बात की, तब पता चला कि जमीन खतौनी में विक्रेताओं के नाम दर्ज ही नहीं है।

# किसानों की गिरफ्तारी और संपत्ति नुकसान का विरोध

## संयुक्त किसान मोर्चा ने डीएम प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




बलिया, कलेक्ट्रेट में संयुक्त किसान मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। मोर्चा के सदस्यों ने राज्यपाल को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र डीएम प्रतिनिधि को सौंपा।

किसान नेताओं ने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारें मिलकर किसान आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही हैं। पंजाब को जेल में तब्दील कर दिया गया है। मोर्चा के अनुसार 19 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से वार्ता के बाद लौट रहे किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। संभू और खनौरी बॉर्डर पर बुलडोजर चलाकर धरना स्थलों को नष्ट कर दिया गया। किसानों के ट्रैक्टर और ट्रालियां भी तोड़ दी गईं।

### गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन की एडवाइजरी

दिन में घर से कम निकलें, पानी ज्यादा पिएं और हल्के कपड़े पहनें

अमन लेखनी समाचार

बलिया, जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने लू (हीट वेव) से बचाव के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्राधिकरण ने बताया कि हीट वेव शरीर की कार्यप्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में कमजोरी, चक्कर, सिरदर्द, उबकाई और मूर्छा शामिल हैं। इन लक्षणों के दिखते ही तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। घर को ठंडा रखने के लिए दिन में खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें, विशेषकर जहां सीधी धूप आती हो। शाम और रात में खिड़कियां खोल दें। बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें। पशुओं को छायादार स्थान में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी दें। बाहर काम करने वालों को सिर, चेहरा और हाथ-पैर गीले कपड़े से ढककर रखना चाहिए।

# ज्वैलर्स से लूट का आरोपी गिरफ्तार, देवरिया में 650 ग्राम चांदी के जेवर बरामद

## एक आरोपी ने किया सरेंडर; दो की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, खामपार थाना पुलिस ने ज्वैलर्स से लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटे गए सभी जेवरात भी बरामद कर लिए हैं। सलेमपुर निवासी स्वर्ण व्यापारी राजीव कुमार वर्मा भठवां तिवारी गांव के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। तमंचे की नोक पर बदमाशों ने करीब एक किलो चांदी के जेवर लूट लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी विक्रान्त वीर ने कई टीमें गठित कीं। खामपार पुलिस और एसओजी की टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। 29 मार्च को एक आरोपी शाह आलम अंसारी ने खामपार थाने में सरेंडर कर दिया। वह रामपुर का रहने वाला है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने रामपुर ठाकुरदेवा से लूट का माल बरामद किया। इसमें 6 मोटी और 2 पतली चांदी की पायल शामिल हैं। इनका कुल वजन 650 ग्राम है। थानाध्यक्ष महेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बाकी दो आरोपियों की तलाश जारी है।

# टीबी मरीजों को मिला पोषण आहार

## भूड बराल स्वास्थ्य केंद्र में मां छोटी अनूपी संस्था ने किया किट वितरण




अमन लेखनी समाचार

सरधना, भूड बराल स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां छोटी अनूपी संस्था ने टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित किए। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशीष गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राधाकृष्ण ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर एसटीएस अक्षय कुमार, टीबीएचवी कुमार गौरव और लैब टेक्नीशियन पुष्पेंद्र कुमार भी मौजूद थे। संस्था की ओर से अध्यक्ष अभिषेक नेहरा, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुमन चौधरी और उपाध्यक्ष राखी त्यागी ने कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन क्षय रोग के खिलाफ चल रहे राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मरीजों को बेहतर पोषण और स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना है।

# रबड़ फैक्ट्री का बॉयलर फटा, 3 के चीथड़े उड़े

## गाजियाबाद में सिर और हाथ कटकर अलग हो गए; एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, रबड़ फैक्ट्री के बॉयलर में ब्लास्ट हो गया। हादसे में 3 मजदूरों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना भोजपुर क्षेत्र के देहात इलाके की है। फैक्ट्री खेतों के बीच में बनी हुई है। 6 बजे 4 मजदूर बॉयलर के पास काम कर रहे थे, तभी अचानक विस्फोट हो गया। मजदूर उछलकर 50 फीट दूर जा गिरे। तीन मजदूरों के चीथड़े उड़ गए। किसी का सिर तो किसी का हाथ कटकर अलग हो गया। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा कि आग नहीं लगी थी। प्रेशर से बॉयलर का एक वाल निकल गया, जिसके चलते विस्फोट हो गया। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों मजदूरों की पहचान योगेंद्र, अनुज और अवधेश के रूप में हुई है। फैक्ट्री मालिक का नाम अवनीश हैं। वह मोदीनगर में रहते हैं। पिता प्रेमराज बेटे अनुज के शव के पास ही बिलख रहे हैं। उन्होंने कहा-आज मेरा बेटा गया है। कल को किसी और मां का लाल न जाए, इसलिए फैक्ट्री के मालिक के हाथ कलम कर दिए जाए। जैसे सऊदी में किया जाता है। कोई पुलिस केस नहीं होता, डायरेक्ट सजा दी जाती है। इस फैक्ट्री मालिक के हाथ काटकर इसे तड़पता छोड़ दो। गाजियाबाद में जिस फैक्ट्री में सुबह 6 बजे बॉयलर फटा है, उस समय 4 मजदूर ही काम कर रहे थे। दिन में यहां 15 से 20 मजदूर काम करते हैं। 100 मीटर दूरी पर ही इंटर कॉलेज है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हंगामा कर नारेबाजी कर दी। मरने वाले तीनों मजदूरों के परिजन और अन्य लोग मौके पर डीएम और कमिश्नर की बुलाने की मांग कर रहे हैं।

# सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

## एएसपी ने बड़ौत में की गश्त, असामाजिक तत्वों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



बागपत, एएसपी एनपी सिंह ने बड़ौत शहर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त की और स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। एएसपी ने देर रात मुख्य मार्ग और चौराहों पर संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान चलाया। बिना वजह घूमने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस कर्मियों को निरंतर चेकिंग और पैदल गश्त के निर्देश दिए गए। व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है। एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। त्योहारों को देखते हुए शहर के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# योगी सरकार में कानून का राज

- जेवर विधायक बोले – पहले किसानों की जमीन 800 रुपए प्रति मीटर में छीनी, अब विकास की नई इबारत

अमन लेखनी समाचार





जेवर, ग्रेटर नोएडा में भाजपा द्वारा आयोजित 'सेवा, सुशासन और सुरक्षा के 8 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बसपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 2011 में बसपा शासन के दौरान भट्टा पारसौल के किसानों के साथ बर्बरता की गई। किसानों की जमीनें मात्र 800 रुपए प्रति मीटर की दर से छीन ली गईं। इन जमीनों को बिल्डरों को कम कीमत पर बेच दिया गया। विधायक ने पूर्ववर्ती सरकारों की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले गुंडागर्दी का ऐसा माहौल था कि महिलाएं शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं। 2017 से पहले चौपालों पर बदमाशों की चर्चा होती थी। व्यापारियों के साथ खुली लूटपाट होती थी। धीरेंद्र सिंह ने कहा कि 2017 के बाद योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद राष्ट्र को सशक्त और मजबूत बनाना है। किसानों के माध्यम से देश के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कार्यक्रम में यीड़ा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह, ओएसडी शैलेंद्र सिंह, एसडीएम जेवर अभय कुमार सिंह, ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी सुधीर कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बैंक अधिकारी के घर सीबीआई की रेड

## बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर से पूछताछ, भ्रष्टाचार के मामले में केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, सीबीआई ने चीफ मैनेजर दिनेश सिंह के घर पर छापेमारी की है। गाजियाबाद के गुलमोहर एंक्लेव सोसायटी स्थित आवास पर यह छापा मारा गया है। दिनेश सिंह मेरठ की बैंक ऑफ इंडिया शाखा के चीफ मैनेजर लॉ हैं। जहां सीबीआई ने उनके आवास से अहम कागजात जब्त किए और दिनेश सिंह से पूछताछ की। भ्रष्टाचार के संबंध में केस भी दर्ज किया गया है। सीबीआई ने दिनेश सिंह और पैनल बैंक की अधिवक्ता सुप्रिया मिश्रा के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। बताया गया है कि इन्होंने नीलामी खरीदार से अनुचित लाभ लेने और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए दबाव डाला। जहां शिकायत के बाद केस दर्ज किया गया है। मेरठ निवासी राजीव कुमार ने 20 सितंबर 2024 को सीबीआई में एक शिकायत दर्ज कराई थी। राजीव कुमार ने आरोप लगाया था कि मैंने व भाई संजीव कुमार ने बैंक ऑफ इंडिया, खैर नगर मेरठ से 48 लाख रुपए का लोन लिया था। यह लोन खैर नगर मार्केट में स्थित दुकान को गिरवी रखकर लिया गया था। लोन नहीं चुकाने कारण बैंक ने इसे नीलाम घोषित कर दिया। इसके बाद बैंक ने संपत्ति को नीलाम कर दिया। दुकान संख्या 418 और 419 (पुराना नंबर 135 और 154) को मोहम्मद सुहेल और मोहम्मद सैफ ने खरीदा, बैंक आफ इंडिया के मैनेजर दिनेश सिंह और पैनल अधिवक्ता सुप्रिया मिश्रा ने नीलामी खरीदार मोहम्मद सुहेल और मोहम्मद सैफ से अनुचित लाभ की मांग की। दोनों अधिकारियों ने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और अपने पक्ष में फैसले के लिए निजी फायदा उठाने की कोशिश की। सीबीआई ने जिसके बाद एफआईआर दर्ज की।

# पंजाब में किसानों पर कार्रवाई का विरोध

## बुलंदशहर में भाकियू ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, गिरफ्तार साथियों की रिहाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने पंजाब सरकार की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष एडवोकेट अरब सिंह के नेतृत्व में किसानों ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। किसान नेताओं का कहना है कि पंजाब सरकार ने चंडीगढ़ में चल रहे सात दिवसीय धरने को तोड़ने के लिए बल प्रयोग किया। 19 मार्च को केंद्र से वार्ता कर लौट रहे किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। धरना स्थल पर बुलडोजर चलाकर किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली और उपकरणों को नुकसान पहुंचाया गया। भाकियू ने कर्नल पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी निंदा की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के बावजूद घरों पर बुलडोजर चलाने को गलत बताया। संगठन ने गिरफ्तार किसानों की बिना शर्त रिहाई, जब्त उपकरणों की वापसी और नुकसान की भरपाई की मांग की है। ज्ञापन में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर भी चिंता जताई गई है। भाकियू का मानना है कि इससे भारत की कृषि, डेयरी और छोटे व्यापार को नुकसान होगा। ज्ञापन पर विशान सिरोही, गुड्डू प्रधान, आलोक चौधरी समेत कई किसान नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

# बजरंग दल की बैठक

## हिंदू राष्ट्र और महापुरुषों के सम्मान पर हुई चर्चा, हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



सरधना, मवाना नगर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक नगर अध्यक्ष अंकुर रस्तोगी के आवास पर जिलाध्यक्ष सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मेरठ विभाग मंत्री गौरव गर्ग ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष आदेश चौधरी ने सांसद रामजी लाल सुमन के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि महापुरुष राणा सांगा को देशद्रोही कहना स्वीकार नहीं किया जाएगा। चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि सुमन ने माफी नहीं मांगी तो मेरठ में जोरदार विरोध प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में नगर महामंत्री अपूर्व रस्तोगी, नगर मंत्री सौरभ दुबलिश, नगर उपाध्यक्ष अमन दक्ष, भोला दक्ष समेत सचिन शर्मा, अजय, सोनू, शिवम, अक्षित और रजत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

## 3 घंटे के विशेष अभियान में 602 लोग गिरफ्तार, सभी का चालान

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के कई इलाकों में खुलेआम सड़कों पर शराब पी जाती है। इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती थी। तीन घंटे के इस अभियान में पुलिस ने सड़क किनारे, शराब की दुकानों के पास से 602 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद सभी का पुलिस एक्ट 34 के तहत चालान किया गया। ट्रांस हिंडन जोन में 175 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 28, कौशांबी से 24, खोड़ा से 25, साहिबाबाद से 23, लिंक रोड से 26, शालीमार गार्डन से 24 और टीला मोड़ से 25 लोग शामिल हैं। ढाई महीनों से चल रहा अभियान देहात जोन में 195 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लोनी से 45, ट्रोनिका सिटी से 23, अंकुर विहार से 11, लोनी बॉर्डर से 12, मसूरी से 20, मुरादनगर से 28, मोदीनगर से 9, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 11 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 21 लोग शामिल हैं। गाजियाबाद पुलिस पिछले ढाई महीनों से यह अभियान चला रही है। इस अभियान में सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे। डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा ही अभियान शहरी क्षेत्र में चला जिसमें 3 घंटे में 232 लोगों को गिरफ्तार किया गया

## ग्लोबल स्कूल में क्लाइडोस्कोप के आयोजन में छात्रों को किया गया सम्मानित

### हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल (आरआरएसजीएस) में शनिवार शाम को प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया।विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। नर्सरी के विद्यार्थियों ने डिस्को दीवाने गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी। कक्षा एक ब के विद्यार्थियों ने जब नाच पंजाबन गाने पर ठुमके लगाए तो सभी लोग तालियाँ बजाने के लिए मजबूर हो गए।एलकेजी स्पॉर्कलर्स के बच्चों ने पढ़ोगे लिखोगे गाने पर डांस प्रस्तुत किया। कक्षा दो के विद्यार्थियों ने सारे जहाँ से अच्छा गीत प्रस्तुत करके लोगों के अंदर राष्ट्रीय भावना का संचार किया। यूकेजी इन्विटेटर्स के बच्चों ने जब टुकुर-टुकुर गाने पर डांस किया तो लोगों ने खूब ठहाके लगाए। एलकेजी क्रिएटर्स के विद्यार्थियों ने स्टैम्प योर फीट सांग पर ऐक्शन डांस प्रस्तुत किया। कक्षा एक अ के विद्यार्थियों ने लुंगी डांस गाने पर नृत्य प्रस्तुत करके लोगों को झूमने को लिए मजबूर कर दिया। यूकेजी के विद्यार्थियों ने बम बम बोले पर गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। यूकेजी एक्सप्लोरर के विद्यार्थियों ने नाच मेरी जान गीत पर डांस प्रस्तुत करके सभी को सम्मोहित कर लिया। कक्षा दो के विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर एक नाटक प्रस्तुत किया। कक्षा एक के विद्यार्थियों ने दिल है छोटा सा गीत प्रस्तुत करके लोगों की तालियाँ बटोरी। कक्षा दो ब के विद्यार्थियों ने मेरा वाला डांस और शेयर खुलेगा गानों पर डांस प्रस्तुत किया। कक्षा दो अ के विद्यार्थियों ने गोविंदा गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुति दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने कहा कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर अमेठी के एसडीएम आशीष सिंह, डा त्रिवेणी सिंह, डा शशांक श्रीवास्तव, डा ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## लापता किशोरी का पांच दिन बाद आया फोन, मां से की बात

### लोकेशन न बताकर अन्य नंबरों से भी आए फोन




**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी के पीपरपुर थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी 18 मार्च को सुबह कॉलेज के लिए निकली थी। वह देर रात तक घर नहीं लौटी।परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।23 मार्च की शाम को किशोरी ने अपनी मां से फोन पर बात की। लड़की ने लोकेशन नहीं बताई।इसके बाद कुछ अन्य नंबरों से भी फोन आए, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। परिवार ने थाना पीपरपुर में शिकायत दर्ज कराई है।थाना प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**कॉल डिटेल्स की जा रही जांच**

पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है जांच के लिए मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल्स और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## अमेठी में ब्राह्मण समाज की चुनौतियों पर चर्चा

### अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण मंच की विचार गोष्ठी में सैकड़ों लोग शामिल

**अमन लेखनी समाचार**



बाजार शुकुल के पूरे भोजा, अंदीपुर के प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण मंच द्वारा संचालित ब्राह्मण सेवा ट्रस्ट की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार पांडे ने की। गोष्ठी में ब्राह्मण समाज की ब्राह्मण समाज की समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष पांडे ने कहा कि यह पहल समाज के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। संगठन के जिला उपाध्यक्ष राम प्रसाद शुक्ला, उदय नारायण मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तिवारी सहित सभी ब्राह्मणों ने ब्राह्मण समाज की समस्याओं और चुनौतियों पर विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की सफलता में मंच के जिला अध्यक्ष अजय पांडे, उपाध्यक्ष राम प्रसाद शुक्ला और उदय नारायण मिश्र का विशेष योगदान रहा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, रामप्रताप तिवारी, मंच संचालक हरिकेश तिवारी, पत्रकार अनुप तिवारी, दीपक पाठक और एडवोकेट प्रमोद शुक्ला ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विचार गोष्ठी में सैकड़ों ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## क्षेत्रीय विधायक ने खंगार समाज का बढ़ाया मान- श्रीकांत परिहार

**अमन लेखनी समाचार**

राठ (हमीरपुर)। संपूर्ण जनपद में अपनी वीरता व साहस की विलुप्त हो रही महाराजा खेत सिंह खंगार की छवि को क्षेत्रीय विधायक ने जनता के सामने रखते हुए उनका मान बढ़ाया है।जिसका क्षत्रिय खंगार समाज हमेशा ऋणी रहेगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार महासभा के जिलाध्यक्ष ग्राम धनोरी निवासी श्रीकांत परिहार ने बताया कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक समय महाराजा खेत सिंह खंगार का साम्राज्य होने के साथ-साथ जन-जन में उनकी वीर गाथा व पराक्रम का बोलबाला था। जिनकी विजय गाथा का प्रमाण निवाड़ी जनपद के गढ़कुंडार का किला आज भी गवाह है।लेकिन वर्तमान समय में हमीरपुर महोबा जनपद के किसी जनप्रतिनिधि ने उनके पराक्रम को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके नाम का स्मारक, गेट व पार्क इत्यादि नहीं बनाया है।जिसको देखते हुए क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने राठ गरौठा मुख्य मार्ग पर महाराजा खेत सिंह खंगार के नाम का गेट बनवाकर उनकी स्मृति को पुनः जीवंत कर दिया है। जिससे क्षत्रिय खंगार समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय हिंदू महासभा ने नगर में निकाली विशाल पद यात्रा



**अमन लेखनी समाचार**

सरीला (हमीरपुर) सरीला नगर में हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय हिंदू महासभा (टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश श्रीवास्तव के आवाहन पर जिला अध्यक्ष रामकुमार कर्ण ने रविवार को नगर में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय से विशाल पद यात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा में भांगड़ा ढोल के साथ ई रिक्शा में साउंड रखकर हिंदू सुरक्षा, हिंदू एकता, एक है तो सेफ है, सनातन का प्रचार प्रसार के साथ जय श्री राम के नारे लगाते हुए नगर का भ्रमण किया। पद यात्रा का पुनः विद्यालय पहुंचकर समापन कर सभी जनमानस का जल पान कराया गया।जिला अध्यक्ष रामकुमार कर्ण ने राष्ट्रीय हिंदू सभा (टी) के सभी पदाधिकारी को पहचान पत्र देकर मिठाई खिलाई। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमारी, माया देवी, मालती देवी, शोभा रानी, सदस्य जयशंकर, जयहिंद, रवि, पारसमणी विश्वकर्मा, पंकज द्विवेदी, अंकुश सैनी, हर चरण विश्वकर्मा, गणेश नामदेव, अतुल द्विवेदी, पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

## संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर पंच परिवर्तन का लिया संकल्प

**अमन लेखनी समाचार**



मौदहा।हमीरपुर।कस्बे किस सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय कार्यकताओं ने नए वर्ष पर संघ के निमार्ता के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पण करते हुए उन्हें याद किया और संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर पंच परिवर्तन का संकल्प लिया।

बताते चलें नूतन वर्ष विक्रम संवत के प्रथम दिन स्वयंसेवक के कार्यकताओं ने कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर में स्थानीय कार्यकताओं ने एकत्रित होकर संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार को स्मरण करते हुए उनकी छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पण करते हुए संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर पंच परिवर्तन का संकल्प लिया। जिला संघ चालक शारदा दीन ने पंच परिवर्तन के बारे में बताया कि कुटुंबोधन -परिवार को संगठित करना एवं आधुनिक चकाचौंध रोशनी में परिवार के बिखराव को आपसी रजा मंदी से रोकना। पर्यावरण-प्राण वायु संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करना और छोटे से छोटे पौधे से बड़े से बड़े पौधा का रोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रयास करना प्रत्येक घरों में तुलसी के पौधे का रोपण करना।

स्वदेशी -अपने देश में निर्मित या घरों में निर्मित चीजों का अधिक मात्रा में इस्तेमाल करना विदेशी वस्तुओं से परहेज करना। समरसता -समाज में आपसी भाईचारा काम करने के मकसद से हिंदू समाज को एकत्रित करना सामाजिक कुरीतियों से सावधान करना और एकत्रित करना। नागरिक कर्तव्य- देश की एकता अखंडता संप्रभुता बनाए रखने के लिए आम जनमानस को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध करना और संभ्रांत नागरिक बनाने में सहयोग प्रदान करना इस प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सैकड़ो कार्यकताओं ने संकल्प लेते हुए देश धर्म समाज की रक्षा हेतु गांव गांव घर-घर जाकर समाज निर्माण में योगदान करने का संकल्प लिया।

## चैत्र नवरात्रि का पहला दिन: अमेठी के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में चैत्र नवरात्रि का पहला दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ शुरू हुआ।देवी पाटन, कालिका धाम और दुर्गा मंदिर समेत जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने मंदिरों के आसपास बैरिकेडिंग करवाई।पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई। भक्तों की सुविधा के लिए सफाई व्यवस्था और पानी की पर्याप्त आपूर्ति की व्यवस्था की गई।कालिका धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि रविवार से शुरू हुई इस नवरात्रि को विशेष शुभ माना जा रहा है।उनके अनुसार श्रद्धापूर्वक की गई माता की उपासना से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने उपवास और कन्या पूजन का संकल्प लिया।मंदिरों में हवन-पूजन किया गया और अखंड ज्योत जलाई गई।त्योहार की शुरूआत के साथ स्थानीय बाजारों में भी रौनक दिखी। पूजन सामग्री, फूल, नारियल, चुनरी और प्रसाद की दुकानों पर भक्तों की भीड़ रही। भक्त राजेश मिश्र एडवोकेट ने कहा कि माता के दर्शन से घर में शांति बनी रहती है।

## राणा सांगा के बयान का विरोध, करणी सेना ने सपा सांसद का फूंका पुतला

### 12 अप्रैल को आगरा में होगा बड़ा प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी में राजस्थान के महाराजा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में करणी सेना ने जोरदार प्रदर्शन किया। करणी सेना भारत के कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका। करणी सेना भारत के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बस अड्डे के पास एकत्रित होकर जुलूस निकाला। कस्बे के अंबेडकर तिराहे पर प्रदर्शन के दौरान सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।जिलाध्यक्ष ने कहा कि महाराजा राणा सांगा का बलिदान देश के इतिहास में अमिट है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी मुगल मानसिकता की परिचायक बन चुकी है। उनका कहना था कि ऐसी विचारधारा रखने वाले लोगों को संसद में रहने का अधिकार नहीं है।उन्होंने कहा कि अगर सांसद तत्काल प्रभाव से नाक रगड़कर माफी नहीं मांगते, तो 12 तारीख को आगरा कुंज में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सभी जातियों के लोग शामिल होंगे। प्रदर्शन में अयोध्या मंडल प्रभारी राजू सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सर्वेश सिंह, अभिषेक सिंह समेत बड़ी संख्या में करणी सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही ओवरलोड पिकअप

### यातायात नियमों की अनदेखी, दुर्घटना का खतरा; पुलिस से कार्रवाई की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

मुंशीगंज शाहगढ़ ब्लॉक के कौहार में रविवार दोपहर 4:15 बजे एक गंभीर यातायात उल्लंघन का मामला सामने आया। श्री पंच संस्कृत माध्यमिक विद्यालय कौहार मल के पास एक पिकअप वाहन क्षमता से अधिक लोड के साथ देखा गया।यह घटना विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि यह स्कूल के पास की है। ओवरलोड वाहन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के उल्लंघन आम हो गए हैं। ओवरलोडिंग के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है। ब्रेक फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे गंभीर दुर्घटना हो सकती है।स्थानीय नागरिकों ने यातायात पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि नियमित जांच और चालान से ऐसे उल्लंघनों पर रोक लगाई जा सकती है। स्कूल प्रशासन ने भी इस मामले में चिंता जताई है।

## गोमती मित्रों ने करके साफ सफाई, दी नव वर्ष की सबको बधाई

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर लगभग पूरा प्रदेश जानता है कि सुल्तानपुर के गोमती मित्र मंडल संगठन का मुख्य कार्य स्वच्छता और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है और इस कार्य के लिए गोमती मित्र वर्ष भर समर्पण की भावना से कार्य करते हैं,,कहा जाता है कि वर्ष के पहले दिन जिस कार्य को आप समर्पण के साथ कीजिए उस कार्य में उस वर्ष सफलता जरूर प्राप्त होती है,इसीलिए 30 मार्च को पड़ने वाला साप्ताहिक श्रमदान जब नव वर्ष के पहले दिन पड़ा तो श्रमदान में उपस्थित सभी लोगों को 12 वर्षों से जारी तपस्या की सफलता 2025 में प्राप्त होने की पूरी पूरी संभावना दिखने लगी,सभी उत्साहित थे, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने प्रदेश वासियों को नव वर्ष की बधाई देते हुए विशेष निवेदन किया की स्वयं में और अपने आसपास के लोगों में स्वच्छता की भावना जरूर जागृत करें क्योंकि अगर हम स्वच्छ हैं तो निश्चित जानिए की स्वस्थ है,,श्रमदान प्रातः 6:00 बजे शुरू होकर 9:00 बजे तक पूरे तट व परिसर की साफ सफाई के साथ संपन्न हुआ, मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना पाठक, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह,दाऊ जी कैलाशी, मुन्ना सोनी,राकेश मिश्रा, राकेश सिंह दद्दू, आलोक तिवारी, श्याम मौर्य,अजय वर्मा, अरुण गुप्ता, सूरज,अभय,प्रांजल आदि उपस्थित रहे।

## हिंदू नववर्ष पर निकली शोभा यात्रा,जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हुआ कस्बा

**अमन लेखनी समाचार**



मौदहा, हमीरपुर।चैत्र मास की प्रतिपदा से हिंदी नव वर्ष और नव रात्रि प्रारंभ हो जाते हैं जिसके चलते प्रातः काल से मंदिरों और देवालयों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली ।शाम को संध्या काल पर कस्बे में हिंदी नव वर्ष बाइक शोभा यात्रा निकाली गई।जिसमें सैकड़ों संख्या में युवाओं की भीड़ उपस्थित रही।

हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बे में चैत्र प्रतिपदा का प्रारंभ होते ही प्रातः काल से बड़ी देवी मंदिर, छोटी देवी मंदिर, मथुरा मंदिर, शक्ति माता मंदिर, गायत्री माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। जिन्होंने ने नव वर्ष और नव रात्रि प्रारंभ होने के अवसर पर पूजा अर्चना कर अपने इष्ट देवी, देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात संध्या काल में ओरी तालाब से भगवान श्री राम सेवा समिति द्वारा हिंदी नव वर्ष बाइक शोभा यात्रा प्रारंभ हुई हो नेशनल रोड, अरतरा चौराहा, पावर हाउस होते हुए पुनः नेशनल चौराहा, मलीकुआं चौराहा, फत्तेपुर होते हुए पुनः ओरी तालाब में शोभा यात्रा का समापन किया गया।इस अवसर पर आशीष सिंह अल्लू, कौशलेंद्र सिंह, वैभव सोनी, आकाश त्रिपाठी, अंशु गुप्ता, सौरभ,पप्पू शिवहरे, अजय कांत, अभिषेक सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग



**अमन लेखनी समाचार**

राठ, हमीरपुर। रविवार को आगामी त्यौहार ईद-उल-फितर व रामनवमी के दृष्टिगत श्रीमान उपजिलाधिकारी राठ जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में थाना राठ में थानाक्षेत्र अंतर्गत संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधान व धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, इस दौरान त्योहार की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। सम्भ्रांत व्यक्तियों से सुझाव भी लिए गए एवं अमल में लाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। त्योहारों के संबंध में शासन के दिशा-निदेर्शों से सभी को अवगत कराया गया व आपसी भाईचारा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए त्यौहार मनाने की अपील की गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राठ व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत उ0नि0 ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें एक वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**





अप्रैल फूल-डे स्पेशल

अप्रैल फूल डे यानी मूर्ख दिवस आज भले ही दुनिया भर में लोग मनाते हैं। लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर अनेक तरह की मान्यताएं और किवदंतियां प्रचलित हैं। अप्रैल फूल डे के इतिहास और इससे जुड़े तथ्यों पर एक नजर।

कल्पना कीजिए अगर हम हंसे नहीं, कोई हमें हंसाए नहीं तो जीवन में कितनी बोझिलता, नीरसता आ जाएगी! इस नीरसता को दूर करने के लिए हजारों साल से जोक्स सुनने और सुनाने की परंपरा बरकरार है। आज के दौर में इसकी महत्ता और बढ़ गई है। अप्रैल फूल हमें अपनों के साथ ऐसे ही जोकिंग का अवसर देता है, जिसे हमें बिल्कुल मिस नहीं करना चाहिए।

कवर स्टोरी

लोकमित्र गौतम

# सुनिए-सुनाइए जोक्स लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

***डॉक्टर:*** *चिंता मत करो, यह छोटी सी सर्जरी है, घबराने की कोई बात नहीं!*
***मरीज:*** *लेकिन डॉक्टर, मैं तो ऑपरेशन के लिए नहीं आया था!*
***डॉक्टर:*** *अरे हां, सॉरी! मुझे आदत हो गई है ऐसा कहने की..!*

यह जोक सरप्राइज एलिमेंट (अचानक ट्विस्ट) पर आधारित है, जो दिमाग को एक पल में चौंकाकर हंसा देता है। ऐसा होते ही अचानक पैदा हुआ तनाव गायब हो जाता है, जिससे मूड हल्का और फ्रेश महसूस होता है। कुछ सेकेंड्स का एक जोक या चुटकुला हमें पलभर में तरोताजा कर देता है, क्योंकि जोक्स का प्रभाव हमारे दिमाग और शरीर दोनों पर पड़ता है। जब हम हंसते हैं, तो हमारा मस्तिष्क एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) छोड़ता है, जिससे तनाव कम होता है और हम रिलैक्स महसूस करते हैं। इसके अलावा, हंसी से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों में आराम आता है और मूड फ्रेश हो जाता है। शायद इसी की महत्ता को समझते हुए अप्रैल फूल-डे जैसे आयोजनों की शुरुआत हुई।

**हजारों साल पुरानी परंपरा:** दुनिया में जोक्स और हास्य की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना पुराना खुद इंसान है, इंसानी सभ्यता है। सबसे पुराने दर्ज जोक्स लगभग 4000 साल पुराने हैं। दुनिया के सबसे पुराने दर्ज जोक्स प्राचीन मेसोपोटामिया (1900 ईसा पूर्व) के हैं। प्राचीन मिस्र (1600 ईसा पूर्व) की सभ्यता में फिरौन के दरबारों में भी जोक्स सुनाए जाते थे। एक मशहूर चुटकुला इस तरह है- 'एक फिरौन अपनी नाव में यात्रा कर रहा था। एक भविष्यवक्ता ने कहा कि वह बहुत लंबी उम्र जिएगा। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 100 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-हां। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 200 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-बिल्कुल! फिरौन खुश हुआ और कहा-तो मैं अमर हूं! भविष्यवक्ता ने कहा-नहीं, लेकिन जब तक तुम मुझसे सवाल पूछते रहोगे, तब तक मैं हां कहता रहूंगा!'

वास्तव में यह राजाओं की चापलूसी और भविष्यवाणियों का मजाक उड़ाने का तरीका था। ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू ने भी हास्य को जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा है। प्राचीन एथेंस में एक जोकर क्लब था, जिसके दर्जनों जोक्स आज भी मिलते हैं, मसलन- 'एक आदमी डॉक्टर के पास गया और कहा- जब मैं आंखें खोलता हूं, तो मुझे कुछ नहीं दिखता! डॉक्टर बोला- तो आंखें बंद करके देखो!'

**भारतीय इतिहास में भी है जिक्र:** मिस्र और एथेंस की तरह प्राचीन भारत में भी संस्कृत साहित्य (नाट्यशास्त्र, पंचतंत्र, हितोपदेश, विदूषक पात्र) में हास्य व्यंग्य का भरपूर जिक्र मिलता है। पंचतंत्र की कहानियों में चतुराई भरे जोक्स और व्यंग्य हैं। भारतीय इतिहास में राजाओं के दरबारों में विद्वान विदूषकों जैसे तेनालीराम और बीरबल की भी मौजूदगी रही है, जो अपने बुद्धि-कौशल से सिर्फ दरबार का माहौल ही बोझिल होने से नहीं बचाते थे बल्कि हतप्रभ करने वाली चतुराई भरी बातें करके राजा सहित दरबारियों को हैरान कर देते थे, जिससे सभी तरोताजा महसूस करते थे।

**नए दौर में जोक्स का जलवा:** जोक्स का आधुनिक और व्यापक दौर 18वीं-19वीं शताब्दी में अखबारों और किताबों में जोक्स छपने से शुरू हुआ। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तक रेडियो, टीवी के कॉमेडी शो और स्टैंड-अप कॉमेडी से जोक्स हर जगह और अधिकतर लोगों तक पहुंचने लगे। इस 21वीं शताब्दी में इंटरनेट, सोशल मीडिया और मीम्स के रूप में जोक्स का जलवा हम सब देखते हैं। वास्तव में जोक्स का सबसे तेज और वैरायटी से भरा विकास इसी दौर में हो रहा है।

**इसलिए जरूरी हैं जोक्स:** सवाल है हर सभ्यता में, हर दौर में यानी जीवन में हमेशा जोक्स क्यों जरूरी माने जाते रहे हैं? जवाब है- जोक्स केवल हंसाने भर के लिए नहीं होते, बल्कि ये मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंध और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमारे तनाव को कम करते हैं, हमें हंसाते हैं और हंसने से शरीर में एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जो तनाव और दर्द दोनों को गायब करने में मदद करता है। चुटकुलों या जोक्स से इंसान को मनोवैज्ञानिक सुरक्षा मिलती है, क्योंकि कठिन परिस्थितियों में हास्य एक सुरक्षातंत्र की तरह काम करता है, जिससे व्यक्ति समस्याओं को हल्के-फुल्के तरीके से देख पाता है। साथ ही जोक्स हमें सामाजिक रूप से लोगों के साथ जोड़ता है। जोक्स साझा करने से लोगों के बीच नजदीकी बढ़ती है और यह सोशल बॉन्डिंग को मजबूत करता है। साथ ही जोक्स से हमारी क्रिएटिविटी बढ़ती है। हास्य हमें चीजों को नए नजरिए से देखने और समस्याओं का हल अनोखे तरीके से निकालने में मदद करता है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि आधुनिक तनाव भरी जीवनशैली में जोक्स और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि आज अधिकांश लोग काम के दबाव, सोशल मीडिया, आर्थिक चिंताओं और रिश्तों की उलझनों से घिरे रहते हैं। ऐसे में हास्य और जोक्स बेहद जरूरी हो गए हैं। *

### जोक्स सुनाने वाले होते हैं ज्यादा स्मार्ट

**ऐसा देखा** गया है कि सामान्य तौर पर, अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता (आईक्यू) और भावनात्मक समझ (ईक्यू) दोनों के बेहतर होने का सबूत होता है। क्योंकि जोक्स बनाने और सुनाने के लिए तेज दिमाग और सोचने की त्वरित क्षमता यानी 'क्विक विट' की जरूरत होती है। यही नहीं मजेदार लोग आमतौर पर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स और लोगों को बेहतर पढ़ने और समझने की क्षमता रखते हैं। ऐसे लोग चीजों को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं, जिससे वे मुश्किल परिस्थितियों से आसानी से निपट लेते हैं। इसलिए, जोक्स और हास्य में रुचि रखने वाले लोग अकसर ज्यादा स्मार्ट होते हैं। कई शोधों में पाया गया है कि महिलाएं मजाकिया और हंसाने वाले पुरुषों की तरफ अधिक आकर्षित होती हैं। जो लोग मजाकिया होते हैं, वे आमतौर पर आत्मविश्वासी होते हैं और पुरुषों का आत्मविश्वास महिलाओं को हमेशा आकर्षित करता है। मजाकिया लोग अकसर दूसरों के साथ घुल-मिल भी बहुत जल्दी जाते हैं, जिससे वे ज्यादा सामाजिक दिखते हैं।

# दिलचस्प-विविधतापूर्ण अप्रैल फूल का इतिहास



परंपरा

अंजू जैन

अप्रैल फूल के दिन यानी पहली अप्रैल को झूठी बातों से मूर्ख बनाने या मजाक करने का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। हालांकि इस दिवस की वास्तविक शुरुआत अज्ञात है, लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर तरह-तरह के दिलचस्प और रहस्यमय किस्से प्रचलित हैं।

### हास्य कथा से शुरुआत

अप्रैल फूल से जुड़ी एक मान्यता है कि इसकी शुरुआत 16वीं शताब्दी में फ्रांस में हुई थी। अप्रैल फूल दिवस पर सबसे पहला प्रैंक 1 अप्रैल 1698 को खेला गया था। यह मजाक लंदन के एक समाचार पत्र में प्रकाशित हास्य खबर थी। इसमें मजाकिया अंदाज में लिखा गया था कि दिन के समय चंद्रमा पृथ्वी से दिखाई दिया था।

### मध्यकाल के हिलारिया से शुरुआत

कुछ इतिहासकारों ने अप्रैल फूल डे को प्राचीन रोमन उत्सव हिलारिया से जोड़ा है। देवताओं की माता साइबेले के सम्मान में 25 मार्च को मनाया जाने वाला यह उत्सव लोगों को भेष बदलने के लिए प्रेरित करता था। यह खेल और शरारतों का दिन माना जाता था। लोग तरह-तरह की अनूठी वेशभूषा पहन कर एक-दूसरे के साथ मजाक करते थे। वर्ष का पहला दिन यानी उत्सव का दिन, जो रात से अधिक लंबा था और इसे एक नए, बेहतर मौसम और उदास सर्दियों के अंत का जश्न मनाने में बिताया गया था। हिलारिया के दौरान कई प्रकार के खेल और मस्ती मनोरंजन किए जाते थे। इसमें छद्म वेश धारण कर लोग अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति की नकल करते थे।


### कैलेंडर बदलाव के साथ शुरुआत

एक लोकप्रिय मान्यता यह है कि इसकी शुरुआत 1582 में हुई। उस समय फ्रांस ने जूलियन से बदल कर




ग्रेगोरियन कैलेंडर शुरू किया था। इस बदलाव से पहले, लोग अप्रैल में नया साल मनाते थे। जब तारीख 1 जनवरी को बदल दी गई, तो भी अज्ञानतावश कुछ लोगों ने इसे मार्च के अंत में मनाना जारी रखा और मजाक का पात्र बन गए और उन्हें 'अप्रैल फूल' कहा गया। *

### कुछ दिलचस्प तथ्य-मान्यताएं



कवि जेफ्री चौसर

**मूर्ख दिवस** की शुरुआत को लेकर कुछ और मान्यताएं भी प्रचलित हैं।

- ईरान में अप्रैल फूल दिवस, फारसी नववर्ष के 13वें दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर 1 अप्रैल के आस-पास होता है।
- अमेरिकी कार्टूनिस्ट चार्ल्स शुल्ज द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध कॉमिक स्ट्रिप 'पीनट्स' में अप्रैल फूल नामक एक पात्र था, जो अपने दोस्तों के साथ शरारतें करता था।
- मध्ययुगीन यूरोप में 'मूर्खों का पर्व' मनाया जाता था, जो मजाक का दिन था। वहां लोग एक नकली बिशप या पोप का चुनाव करते थे और मजाक में शामिल होते थे। कुछ हद तक, अप्रैल फूल दिवस को सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत को चिन्हित करने वाले त्योहारों से जोड़ा जा सकता है।
- इंग्लिश लेखक और कवि जेफ्री चौसर की द कैंटरबरी टेल्स (1392) में 1 अप्रैल और मूर्खता के बीच पहली बार कनेक्शन दर्ज किया गया था। 'द नंस प्रीस्ट्स टेल' नामक कथा में चैंटिकलर का वर्णन है, जो एक घमंडी मुर्गा है, जिसे एक चालाक लोमड़ी द्वारा धोखा दिया जाता है।
- स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल दिवस को पारंपरिक रूप से 'हंटिगॉक डे' कहा जाता था, जो 'हंट द गॉक' से निकला है, 'गॉक' शब्द स्कॉटिश भाषा में कोयल या मूर्ख व्यक्ति के लिए इस्तेमाल होता है। यह स्कॉटिश परंपरा दो दिवसीय कार्यक्रम बन गई, जिसमें लोगों को नकली कामों (हंकटिंग द गॉक) पर भेजा जाता था, उसके बाद टेल डे मनाया जाता था, जिसमें लोगों की पीठ पर नकली पूंछ या 'मुझे लात मारो' के चिन्ह लगाने जैसे मजाक करना शामिल था।

एंज्वॉयमेंट

शिखर चंद जैन

# अप्रैल फूल के मजेदार-अनूठे प्रैंक

अप्रैल फूल डे पर हम सब एक-दूसरे के साथ प्रैंक करते हैं, मजा लेते हैं। यहां आपको कुछ ऐसे प्रैंक्स के बारे में बता रहे हैं, जो मशहूर कंपनियों ने बड़े स्तर पर लोगों से किए।





पहली अप्रैल को मित्र मंडली में एक-दूसरे से हंसी-मजाक करने और मूर्ख बनाने की परिपाटी दशकों से है। लेकिन इस मजाक मस्ती में बड़ी-बड़ी कंपनियां, सर्च इंजन और सेलिब्रिटीज भी पीछे नहीं हैं। इनमें से कुछ के बारे में आप भी जानिए।

**अमेजन का पेटलेक्सा:** वर्ष 2017 में, अमेजन ने एलेक्सा की तर्ज पर पालतू जानवरों के लिए एक वॉयस असिस्टेंट, पेटलेक्सा की घोषणा की। इस मजेदार वीडियो में कुत्तों और बिल्लियों को अमेजन इको डिवाइस के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया था। इसमें पालतू जानवरों के लिए ट्रीट ऑर्डर करना, उनके लिए संगीत बजाना और यहां तक कि उनके भौंकने को मानवीय भाषा में अनुवाद करना भी शामिल था। पालतू जानवरों के मालिक इस नए आईडिया से हैरान हुए लेकिन यह सिर्फ एक मजाक था।

**वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस का डॉग क्रू प्रैंक:** वर्ष 2017 में वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस ने अप्रैल फूल के दिन अपने यात्रियों के बीच समाचार फैलाया कि अब उन्हें दुनिया की पहली डॉग इनफ्लाइट क्रू मेंबर टीम मिलेगी। इसमें वे अपने कुत्ते के साथ गलियारे में टहलते हुए, समय बिताने के लिए प्यारे कुत्तों को गले लगाने तक, डॉग क्रू की नई सेवाएं ले सकते हैं। बाद में लोगों को असलियत का पता चला तो उन्हें अपने आप पर खूब हंसी आई।

**गूगल का 'माइक ड्रॉप' ई-मेल बटन:** गूगल ने वर्ष 2016 में अप्रैल फूल बनाने के लिए जी-मेल में 'माइक ड्रॉप' बटन पेश किया, जिससे इसके यूजर माइक्रोफोन गिराने का जीआईएफ वाला ई-मेल भेज सकते थे। दुर्भाग्य से, इससे काफी गड़बड़ियां हो गईं। गलत मैसेज जाने पर



कुछ लोगों की तो नौकरियां चली गईं। गूगल को माफी मांगते हुए तुरंत इसे बंद करना पड़ा।

**कांच के बॉटम वाला हवाई जहाज:** एक बार वर्जिन अटलांटिक एयर लाइंस ने अफवाह फैला दी कि इसके पास अब ग्लास-बॉटम वाले यानी पारदर्शी तल वाले विमान भी हैं। उन्होंने 'दुनिया के पहले ग्लास-बॉटम वाले विमान' के समाचारों के साथ सुर्खियां बटोरीं। नए विमान की तस्वीरें खूब प्रसारित की गईं। उनके इस मजाक पर लोगों ने यकीन भी कर लिया।

**टैको लिबर्टी बेल:** वर्ष 1996 से अब तक के सबसे बेहतरीन अप्रैल फूल मजाक में शामिल इस शिगूफे में टैको बेल नामक कंपनी ने अखबारों में विज्ञापन देकर कहा कि उसने ऐतिहासिक और नेशनल आइकन लिबर्टी बेल को खरीद लिया है। यह इतना गंभीर और वास्तविक मजाक था कि कुछ सीनेटर भी इस मजाक में फंस गए। बाद में नेशनल पार्क सर्विस ने इस खबर का खंडन करने के लिए एक प्रेस कांफ्रेंस भी की। दोपहर में, फास्ट-फूड चेन ने मजाक को स्वीकार किया और कहा कि वह इस ऐतिहासिक घंटी की देखभाल के लिए 50,000 डॉलर का दान कर रही है।



**हवाई अड्डे पर कर दिया कंफ्यूज:** वर्ष 1992 में लॉस एंजिल्स हवाई अड्डे पर विमान यात्री ज्यों ही उतरे, वे एक बैनर देखकर चकरा गए कि उन्होंने तो लॉस एंजिल्स की फ्लाइट पकड़ी थी फिर पायलट उन्हें शिकागो कैसे ले आया? इस बैनर पर लिखा था, शिकागो में आपका स्वागत है। यह 85 फीट लंबा पीला बैनर था, जिस पर 20 फीट लंबे लाल अक्षरों में ऐसी घोषणा थी। यह बैनर हॉलीवुड पार्क रेस ट्रैक के ठीक ऊपर लटका हुआ था और आने वाले प्रत्येक यात्री को दिखाई दे रहा था। लेकिन जल्द ही वास्तविक स्थिति सबको बता दी गई।

**बीएमडब्ल्यू की सेल्फ-क्लीनिंग कार:** 2019 में कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि उन्होंने एक सेल्फ-क्लीनिंग कार विकसित की है। वीडियो में एक कार को ब्रश और पानी के जेट से खुद ही साफ होते हुए दिखाया गया था। वास्तव में यह एक बड़ा प्रैंक था। *



व्यंग्य कविता

हरीश कुमार 'अमित'

## करते रहते घोटाले

करते रहते घोटाले
कितने हिम्मत वाले हैं।
इनके सारे ही 'करतब',
बिल्कुल तवे-से काले हैं।
पुलिस का इनको खौफ नहीं,
नेताजी इनके साले हैं।
यार-दोस्त इनके सारे,
चक्कू-पिस्टल वाले हैं।

एक नहीं, कई दर्जन,
गुर्गे इन्होंने पाले हैं।
इनसे पंगा मत लेना,
नहीं बख्शने वाले हैं।
ब्लैकमनी को कर दें 'व्हाइट',
इनके खेल निराले हैं।
ये छोटे पैग दूर हटाओ,
ये पीते पटियाले हैं।

स्मरण

चंद्रप्रकाश

अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस: 2 अप्रैल, विशेष


एक से बढ़कर एक शानदार परीकथाओं के लेखक हैंस क्रिश्चियन एंडरसन के जन्मदिन (2 अप्रैल) को अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर उनके रचनात्मक अवदान पर एक दृष्टि।

# परीकथाओं का महान चितेरा हैंस क्रिश्चियन एंडरसन



आगामी 2 अप्रैल को हैंस क्रिश्चियन एंडरसन (1805-1875) का जन्मदिन है। वह एक महान किस्सागो थे, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक पुस्तकें लिखीं। लेकिन दुनिया भर में उन्हें उनकी लिखी हुई बच्चों की परीकथाओं की वजह से ज्यादा जाना जाता है। उनकी लिखी एक सौ छप्पन परीकथाएं, नौ किताबों में संकलित हैं। इनके दुनिया भर में एक सौ साठ से अधिक भाषाओं में अनुवाद हुए हैं। कुछ देशों में तो उनकी कहानियां स्कूलों में पाठ के रूप में पढ़ाई भी जाती हैं। ये कहानियां, बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के बीच पढ़ी और सराही जाती हैं। यह अपनी तरह की बड़ी मिसाल है। बेशक इस काम में डिज्नी की एनिमेटेड फिल्मों ने भी अपना एक बड़ा योगदान दिया है।

**एंडरसन का रचना संसार:** एंडरसन का जन्म डेनमार्क में कोपेनहेगन के नजदीक ओडेंस नामक स्थान में हुआ था। गरीब और पिछड़े घर में जन्म लेने के कारण इन्हें जीवन भर संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने शुरू में कुछ नाटक लिखे फिर कुछ आत्म-कथात्मक उपन्यास। उनकी पहली कहानियों की किताब 'बच्चों के लिए कहानियां' साल 1835 में छपकर आई। इसमें एंडरसन ने एक साथ नौ परीकथाएं संकलित की थीं। उनका कहानियां लिखने का यह काम आगे भी लगातार जारी रहा। एंडरसन का कहानी कहने का तरीका काफी अलग और अनोखा था। वे अपनी कल्पना की ताकत के साथ लोक-कथाओं की सरलता भी पिरो देते थे। इससे उनकी ये कहानियां अपने में विभिन्न संस्कृतियों की बातें भी कहती दिखती थीं। इस विषेषता के कारण उनका नाम यूरोप समेत पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो गया।



हैंस क्रिश्चियन एंडरसन

**जीवन में किया भरपूर संघर्ष:** एंडरसन महान लेखक थे, लेकिन उनके जीवन में भी कम संघर्ष नहीं थे। एंडरसन बड़े हिम्मती और जुझारू थे। वे अपने अकेलेपन और दुख को बड़ी कुशलता से अपनी कहानियों का हिस्सा बना देते थे। उनकी यह सजगता उनकी लिखी कहानियों को सुंदर बनाती है। उनकी यह विशेषता, एंडरसन के जीवन की घटनाओं और उनकी बहुत सी रचनाओं पर शोध करने वालों ने पता लगाई है। एंडरसन की लिखी बहुत सी कहानियां उनके बाद के बहुत से लेखकों की प्रेरणा बनीं। उन्होंने भी इनका मर्म अपनी तरह से समझते हुए कई अनोखी रचनाएं की हैं।

एंडरसन की कुछ खूबियां और भी थीं, जिससे वे गजब के कलाकार भी माने जाते थे। वे अपने शुरू के दिनों से नाटकों की दुनिया से जुड़े थे। इसके अलावा कलम और ब्रश की मदद से स्याही के चित्र भी बना लेते थे। कागज की कतरनें चिपका कर कोलाज बनाना भी उन्हें पसंद था। इसके अलावा वे अनोखे किस्सागो थे। जो बच्चों के बीच अकसर किस्से सुनाते हुए बातों-बातों में कैंची से किसी कागज को काटकर तरह-तरह की आकृतियां बना देते थे। अंग्रेजी में इस तरीके से बनी आकृतियों को 'सिल्हूट' कहा जाता है। कुछ साल पहले जर्मनी के ब्रेमेन शहर में एंडरसन के ऐसे ही बहुत से तरह-तरह के चित्रों को जुटाकर एक बड़ी प्रदर्शनी में दिखाया गया था।

**संजोई गई हैं उनकी स्मृतियां:** आज भी एंडरसन की याद और सम्मान में दुनिया के कोने-कोने में तरह-तरह की बहुत सी गतिविधियां होती रहती हैं। इनमें उन पर डाक-टिकट निकालने से लेकर किसी अवसर-विशेष पर प्रदर्शनियां लगाने और जगहों के नाम रखने की बातें भी शामिल हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# टाइट है हिंदी मीडियम

प्रभात रंजन जिस भी विधा में लिखते हैं, अपने अलहदा अंदाज में लिखते हैं। हाल में ही उनकी लिखी एक किताब आई है- हिंदी मीडियम टाइट। इसे किसी एक विधा में बांधकर नहीं देखा जा सकता है। इसे पढ़ते हुए संस्मरण, रेखाचित्र और व्यंग्य शैली में लिखे गए आत्मकथात्मक उपन्यास का आनंद एक साथ लिया जा सकता है। इसमें प्रभात ने दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज में बिताए अपने छात्र जीवन की उन स्मृतियों को संजोया है, जिससे उस दौर में हिंदी पढ़ने और पढ़ाने वालों की हीन भावना प्रकट होती है। कहना चाहिए कि इसके बहाने लेखक ने उस सामाजिक मानसिकता को भी उजागर किया है, जो एक भाषा का जानकार होते हुए भी दूसरी प्रतिष्ठित मानी जाने वाली भाषा पर कमजोर पकड़ के कारण, पूरे व्यक्तित्व को हीनता बोध से ग्रस्त कर देती है। यह किताब हिंदी प्रेमियों, हिंदी के छात्रों, हिंदी के अध्यापकों और हिंदी साहित्यकारों को ही नहीं, हर उस व्यक्ति को भी पढ़नी चाहिए, जो हिंदी को एक भाषा के रूप में नहीं देखते बल्कि पढ़े-लिखे और संभ्रांत समाज में प्रतिष्ठित होने के लिए गैरजरूरी मानते हैं। *




**पुस्तक:** हिंदी मीडियम टाइट, **लेखक:** प्रभात रंजन, **मूल्य:** 225 रुपए, **प्रकाशक:** राजपाल एंड संस, दिल्ली